प्रधान संपादक : शिव श्रीवास्तव

रांची संस्करण

बुधवार 04 दिसम्बर 2024

● वर्ष 03 ● अंक 113

● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2/- रुपया

37 वर्ष 1987-2024

श्रमेव जयते, स्पष्टमेव जयते

# श्रमबिन्दु

रांची, धनबाद, भिलाई एवं बस्तर से एक साथ प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र



डाक पंजीयन क्र. छ. ग. / दुर्ग/ 13/ 2021- 23 | E-mail : srambindu@gmail.com | shrambindu@yahoo.in | आर.एन.आई. पंजी. क्रं. 54135/88

# झारखंड में पांच दिसंबर को सोरेन के नए मंत्रिमंडल का शपथ

**रांचीः** झारखंड में कैबिनेट विस्तार की तारीख तय हो गई है। 5 दिसंबर को मंत्रिमंडल के नए सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी। इससे पहले 28 नवंबर को हेमंत सोरेन ने झारखंड में चौथी बार मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी।

झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने मंगलवार को इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह विस्तारित कैबिनेट अनुभवी, ऊर्जावान और समावेशी प्रतिनिधित्व वाली होगी, जिसमें झारखंड के सभी पांचों प्रमंडल का प्रतिनिधित्व रहेगा। सुप्रियो भट्टाचार्य ने यह भी बताया कि इस बार कैबिनेट में युवा, महिला और किसान वर्ग का प्रतिनिधित्व किया जाएगा।

सुप्रियो भट्टाचार्य ने यह स्पष्ट किया कि सीपीआई (एमएल) के साथ बातचीत के आधार पर यह तय किया गया है कि पार्टी सरकार की नीतियों के समर्थन में रहेगी, लेकिन सरकार में प्रत्यक्ष रूप से शामिल नहीं होगी।

राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि हेमंत सोरेन के कैबिनेट विस्तार के लिए कांग्रेस के कोटे को राहुल गांधी की हरी झंडी मिल चुकी है। झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सोमवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से मुलाकात की थी। इस दौरान झारखंड में होने वाले कैबिनेट विस्तार पर चर्चा हुई। बताया जा रहा है कि कांग्रेस कोटे से बनने वाले मंत्रियों के नाम पर राहुल गांधी ने सहमति दे दी है। इससे पहले कांग्रेस विधायक रामेश्वर उरांव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर कांग्रेस कोटे से बनने वाले मंत्रियों के नामों पर उनसे सहमति बना ली थी।




**कैबिनेट में किस दल से कितने मंत्री :**
सूत्रों के अनुसार, जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी से ही मंत्री बनाए जाने हैं, इसमें जेएमएम से छह, कांग्रेस से चार, आरजेडी से एक मंत्री बनेंगे। जबकि अन्य सहयोगी दल सीपीआई (एमएल) (एल) ने मंत्री पद लेने से मना कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, हेमंत सोरेन के अकेले शपथ लेने की वजह ये थी कि गठबंधन में मंत्री पदों के लेकर सहमति नहीं बन सकी थी।

**इन-इन विधायकों के मंत्री बनने की संभावना**

झामुमो के संभावित मंत्री

दीपक बिरुआ--रामदास सोरेन-एमटी राजा-अनंत प्रताप देव-सविता महतो

मंत्री पद की रेस में कांग्रेस के कई विधायकः-रामेश्वर उरांव-इरफान अंसारी-नमन विक्सल कोंगाडी-कुमार जयमंगल

प्रदीप यादव-श्वेता सिंह-दीपिका पांडे सिंह-शिल्पी नेहा तिर्की

राजद से सुरेश पासवान को मिल सकता है मंत्री पद

झारखंड में राजद के एक विधायक को भी मंत्री पद दिया जाना है। इसमें सबसे पहला नाम देवघर के विधायक सुरेश पासवान है, जो राजद विधायक दल के नेता चुने गए हैं।

राज्य के 14वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेने के साथ ही हेमंत सोरेन ने घोषणा की थी कि जल्द ही विधानसभा का विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। जिसमें 9 दिसबंर से 12 दिसबंर तक विधानसभा का विशेष सत्र आयोजित होगा। जिसमें विधायकों से शपथ ग्रहण के साथ-साथ सदन में विश्वास मत भी हासिल किया जा सकता है। वहीं इससे पहले कैबिनेट विस्तार पर झामुमो नेता मनोज पांडे की तरफ से कहा गया था कि, राज्य में एक संतुलित मंत्रिमंडल बनाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा था कि, पांच विधायकों पर एक मंत्री के फॉर्मूले पर चर्चा की जा रही है।

झारखंड में हाल ही में हुए विधानसभा में चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा नीत कांग्रेस-राजद और लेफ्ट के गठबंधन को 56 सीटों पर जीत मिली थी। जिसमें सबसे ज्यादा झामुमो ने 34 सीट, कांग्रेस ने 16, राजद ने चार और सीपीआई (एमएल) (एल) को दो सीटें मिली थी। वहीं विपक्ष एनडीए गठबंधन को 81 में से सिर्फ 25 सीटें मिली थी। इसमें भाजपा 21 और आजसू, एलजेपीआरवी, जेडीयू और जेकेएलम को एक-एक सीटें हासिल हुई थी।

# अवैध माइनिंग पर हर हाल में लगे रोक: हेमंत

### मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव, डीजीपी सहित अन्य वरीय अधिकारियों के साथ की बैठक

### विधि व्यवस्था, अवैध माइनिंग, मादक पदार्थ तस्करी, साइबर क्राइम आदि पर हुई चर्चा






मंगलवार को राष्ट्रीय जनता दल के विधायक दल के नेता श्री सुरेश पासवान ने माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से मुलाकात की और उनको मुख्यमंत्री नियुक्त की जाने पर बधाई दी।

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य में बेहतर विधि व्यवस्था का संधारण हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में से एक है। सुनियोजित अपराध को रोकने के लिए पुलिस एक प्रभावशाली प्लान तैयार कर चिन्हित अपराधियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करे। ऑर्गनाइज्ड क्राइम तभी रुकेगा जब स्ट्रांग पुलिसिंग का डर अपराधियों के भीतर दिखायी दे। पुलिस का भय अपराध करने वालों में होना आवश्यक है। मुख्यमंत्री मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में राज्य में विधि व्यवस्था का संधारण एवं अपराध नियंत्रण, अवैध माइनिंग पर रोक, मादक पदार्थ पर नकेल कसने एवं साइबर क्राइम पर लगाम लगाने से संबंधित एक उच्चस्तरीय बैठक में बोल रहे थे। बैठक में पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री के समक्ष पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से विस्तृत जानकारी रखी गयी। पुलिस अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि पिछले तीन वर्षों में विभिन्न अपराध कांडों में कमी आयी है। दहेज हत्या से प्रभावित जिलें पलामू गढ़वा, हजारीबाग, गिरिडीह, धनबाद एवं सामान्य हत्या बोकारो में ज्यादा फोकस करते हुए इन कांडों में नियंत्रण के किए कार्य किये जा रहे हैं। सामान्य हत्या शीर्ष में रांची, गुमला तथा चाईबासा जिला में भी कार्रवाई की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में अवैध माइनिंग गतिविधियों पर हर हाल में रोक लगनी चाहिये। अवैध माइनिंग की वजह से राज्य की छवि धूमिल होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के भीतर नदियों का अस्तित्व खतरे में है। अब नदियों से बालू की जगह मिट्टी भी उठायी जा रही है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अवैध माइनिंग पर विशेष कार्य योजना बनाकर रोक लगाना सुनिश्चित करें।

**मादक पदार्थों के कारोबार की रोकथाम के लिए अभियान चलायेंः** हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पुलिस राज्य में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार की रोकथाम के लिए व्यापक विशेष अभियान चलाकर लोगों को कानून की जानकारी दें। उन्होंने कहा कि जागरूकता से ही मादक पदार्थ के सेवन में कमी आयेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अफीम के धंधे को पूरी तरह रोकने के लिए वन विभाग के साथ बेहतर समन्वय बनायें। अफीम की खेती को जड़ से नष्ट करें। अफीम की खेती से प्रभावित क्षेत्रों में संबंधित थाना प्रभारी, चौकिदार, वनकर्मी की जिम्मेदारी तय करें। उन्होंने कहा कि अग्निशमन सेवा को सुदृढ़ करते हुए नागरिकों की सेवा के साथ जोड़ा जाये। पुलिस के लिए वाहन एवं हथियार आदि का क्रय शीघ्र करें।

**बैठक में थे मौजूदः** बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह विभाग वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# मंईयां सम्मान योजना की हकीकत! चार-चार बार आवेदन करने के बाद भी नहीं मिल रहा महिलाओं को लाभ



**रांचीः** विधानसभा चुनाव के दौरान झारखंड में सुपरहिट रही मंईयां सम्मान योजना का क्रेज भले ही महिलाओं में बना हुआ है, लेकिन हकीकत यह है कि इस योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. पड़ताल में यह बात निकलकर सामने आई है.राजधानी रांची के हेहल अंचल कार्यालय में मंईयां योजना का फॉर्म जमा करने के लिए कतार में खड़ी सैकड़ों महिलाओं ने अपनी समस्या ईटीवी भारत से साझा की. मंईयां योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन करने पहुंचीं कई महिलाओं ने सरकार के सिस्टम के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा कि एक बार नहीं, बल्कि तीन-तीन बार आवेदन जमा करने के बावजूद उनके खाते में पैसे नहीं आए हैं. ऐसे में एक बार फिर इस उम्मीद के साथ वह घंटों लाइन में खड़ी हैं कि शायद इस बार फार्म जमा होने वाला उन्हें लाभ मिले.

सुबह 8 बजे से अंचल कार्यालय में लाइन में खड़ी मेट्रो गली की जसवीर कौर कहती हैं कि उन्होंने कई बार ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड में आवेदन जमा किया है. इसके बावजूद उनके खाते में अब तक पैसे नहीं आए हैं. जबकि उनके घर के अन्य महिला सदस्यों और परिचितों के खाते में पैसे आने शुरू हो गए हैं. वहीं इंद्रपुरी निवासी वीणा देवी कहती हैं कि अब तक वह तीन बार आवेदन जमा कर चुकी हैं. चौथी बार आवेदन लेकर अंचल कार्यालय पहुंची हैं. पार्षद से लेकर अंचल कार्यालय तक में ऑफलाइन और ऑनलाइन मोड में आवेदन वह दाखिल कर चुकी हैं. इसके बावजूद उन्हें कोई मैसेज नहीं आया है.मंईयां सम्मान योजना के तहत दिसंबर महीने से हर महीने सरकार द्वारा 2500 रुपये दिए जाने हैं. वर्तमान समय में 1000 रुपये प्रति माह मिलता है. ऐसे में 18 से 50 वर्ष की महिलाएं इस योजना का लाभ लेने के लिए अंचल कार्यालय में आवेदन जमा करने के लिए मशक्कत कर रही हैं. हालत यह है कि घर का कामकाज छोड़कर यह महिलाएं छोटे-छोटे बच्चों को गोद में लेकर सुबह 8 बजे से ही अंचल कार्यालय में लाइन में खड़ी हो जाती हैं.लाइन में खड़ी इन महिलाओं का मानना है कि यदि सरकार का सिस्टम ठीक हो जाए तो कोई परेशानी नहीं होगी और लोगों को बार-बार चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा, लेकिन ऐसा होता नहीं है और आवेदन जमा करने के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है. महिलाओं के साथ घर के पुरुष और बच्चे भी अंचल कार्यालय आने को विवश हैं.बहरहाल, महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से शुरू की गई इस योजना के लाभ से यदि महिलाएं ही वंचित रह जाएंगी तो सवाल उठना लाजिमी है.ऐसे में आवश्यकता निचले स्तर के सिस्टम को दुरुस्त करने की है, ताकि आम लोगों को कोई परेशानी ना हो.

# एसटी की 27 सीटों पर महागठबंधन की जीत हुई है : सुप्रियो भट्टाचार्य

### बाबूलाल पर कसा तंज, कहा-सिर्फ घड़ियाली आंसू बहाने से कुछ नहीं होने वाला




**रांची।** जेएमएम के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने मंगलवार को प्रेस वार्ता कर बीजेपी और बाबूलाल मरांडी पर प्रहार किये। साथ ही उन्होंने कहा कि 11 तारीख को मंईयां सम्मान योजना की राशि 2500 रुपये महिलाओं के खाते में खटाखट भेज दी जायेगी। जेएमएम नेता ने कहा कि चुनाव परिणाम के बाद बीजेपी को झटका लगा है। कहा कि इस विधानसभा चुनाव में 28 रिजर्व सीटों में 27 हम जीते हैं। जो एक सीट बची है, उसमें में भी बहुत कम अंतर है। कहा, इसके बाद नतीजे के बाद बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी थोड़े सक्रिय हो गये हैं। कहा कि उन्होंने सरकार को कुछ सुझाव दिये हैं। मरांडी ने आदिम जनजाति को लेकर सुझाव दिये हैं। इस सुझाव में खास तौर पर पहाड़िया जनजाति को लेकर चिंता व्यक्त की गयी है।

सुप्रियो ने कहा कि ओड़िशा और छत्तीसगढ़ में बीजेपी के ट्राइबल सीएम हैं और वहां 15 ट्राइब्स आदिम जनजाति के तौर पर चिह्नित किये गये हैं। जेएमएम नेता ने बाबूलाल से निवेदन करते हुए कहा है, आप छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और ओड़िशा का दौरा करें। कहा कि मरांडी इन राज्यों की स्टडी करें। वहां के आदिम जनजातियों की स्थिति और आर्थिक सामाजिक व शैक्षणिक हालत क्या हैं, ये देखने का काम करें। कहा कि सिर्फ घड़ियाली आंसू बहाने से कुछ नहीं होने वाला है। उन्होंने बाबूलाल मरांडी को सचेत करते हुए कहा कि आप बाहर के नेताओं के चक्कर में न पड़ें। उन्होंने सवाल किया, आपने क्या कभी असम के चाय बगान में काम करने वाले ट्री ट्राइब्स की चर्चा की। जेएमएम नेता ने कहा, आपको ये सवाल असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा से करना चाहिए। शिवराज सिंह चौहान से करना चाहिए। सुप्रियो ने आगे कहा, झारखंड के आदिवासी मूलवासी लोगों ने हमे जो आशीर्वाद दिया उन्हीं के बेटे को बीजेपी के तमाम नेता अपदस्थ करने के लिए बाहर से आये थे। लेकिन झारखंड की जनता ने उनको नकार दिया। सुप्रियो ने आगे कहा, झारखंड का नया मंत्रिमंडल समावेशी होगा।

# नए आपराधिक कानूनों से दोषसिद्धि की दर बढ़ेगी : अमित शाह



**चंडीगढ़/भाषा।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि नये आपराधिक कानूनों के लागू होने से दोषसिद्धि की दर बढ़ेगी, जिससे अपराध में कमी आएगी। शाह ने कहा कि नये आपराधिक कानूनों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उनकी आत्मा भारतीय है और उनका उद्देश्य न्याय प्रदान करना है।

शाह एक कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीन नये आपराधिक कानूनों के सफल कार्यान्वयन को राष्ट्र को समर्पित किया।

नये कानून -- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम -- 1 जुलाई को लागू हुए, जिन्होंने क्रमशः ब्रिटिशकालीन भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह ली है। चंडीगढ़, तीनों कानूनों का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन करने वाला देश का पहला प्रशासनिक इकाई बन गया है।

शाह ने कहा कि नये कानूनों के लागू होने के बाद कम समय में न्याय सुनिश्चित होगा, दोषसिद्धि की दर अधिक होगी और इसके कारण अपराध दर में कमी आएगी। शाह ने कहा कि नये कानूनों के लागू होने के 4 माह के अंदर अब तक लगभग 11 लाख से ज्यादा प्राथमिकी दर्ज हुई हैं और इनमें से 9500 मामलों में फैसला भी आ गया है। उन्होंने कहा कि इनकी दोषसिद्धि की दर 85 प्रतिशत से ज्यादा है, जो दोषसिद्धि की वर्तमान दर 58 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने कहा कि यही बताता है कि नये कानूनों पर पूरी तरह अमल होने के बाद कम समय में न्याय मिलेगा, दोषसिद्धि दर ज्यादा होगी जिससे अपराध प्रतिशत में भी गिरावट आएगी।

न्यूज अपडेट

## झारखंड कामार समाज की बैठक में कामार जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की उठी मांग



**घाटशिला।** मंगलवार के दिन मुसाबनी प्रखंड के लड़काडीह टोला के सामुदायिक भवन मे झारखंड कामार समाज की एक बैठक हुई, बैठक की अध्यक्षता मोकरो कर्मकार ने किया, बैठक मे मुख्य रूप से समाज को अनुसूचित जन जाति की सूची से बाहर किये जाने को लेकर चर्चा की गयी, वक्ताओ ने कहा कि किस प्रकार अंग्रेजो के समय से कामार लोहार जाति को जनजाति की श्रेणि से निकालकर पिछड़ा वर्ग मे रख दिया गया, बैठक मे मुकेश कर्मकार, सुभाष कर्मकार, सुभाष लोहार, नवाजीवन कर्मकार, जन्मजय लोहार आदि ने अपना विचार रखा।

## कारगिल शहीद नागेश्वर महतो के जयंती पर विधायक सविता महतो ने दिया श्रद्धांजलि



**ईचागढ़।** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के नागासेरेंग मोड़ स्थित शहीद नागेश्वर महतो के मुर्ती पर विधायक सविता महतो ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। कारगिल शहीद नागेश्वर महतो के जयंती पर मंगलवार को विधायक सविता महतो नें माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। इस दौरान विधायक नें कहा शाहिद का खून व्यर्थ नहीं जाएगा। विधायक नें कहा कारगिल युद्ध के दौरान नागेश्वर महतो शहीद हो गए थे उनके जयंती पर उन्हें याद कर नमन किया गया। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा के लिए सैनिक रात दिन पहरेदारी कर हमें सुरक्षा प्रदान करते हैं। देश के सैनिकों के प्रति हमें श्रद्धा और प्रेम रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध में हमारे जांबाज सैनिक नागेश्वर महतो शहीद हो गए थे। ऐसे ही अमर शहीदों ने अपना जान देकर देश को अटूट रखने का काम किया है, हम अमर शहीदों को भुला नहीं सकते। इस अवसर पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, अमित सिन्हा, बिजय कृष्ण महतो, राजीव मांझी, जगदीश लायेक, जगदीश पुरान, जिबानंद साव आदि काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## त्रिशानु राय कांग्रेस आरजीपीआरएस के प्रदेश महासचिव मनोनीत

**चाईबासा।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन, पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों में लोगों की भागीदारी और उनके राजनीतिक अवसरों का विस्तार करके जमीनी स्तर पर लोगों को सत्ता के हस्तांतरण के संबंध में राष्ट्रीय चेतना का निर्माण करने का एक मंच है।

आरजीपीआरएस की स्थापना सोनिया गांधी ने वर्ष 2007 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एक अंग के रूप में पीआरआई और शहरी स्थानीय निकायों के साथ काम करने के लिए की थी। आरजीपीआरएस का उद्देश्य संविधान की वकालत करना, सत्ता का विकेंद्रीकरण करना, पीआरआई प्रतिनिधियों के बीच विकेंद्रीकरण साक्षरता को बढ़ाना और स्थानीय स्वशासन की भूमिका और शक्ति के बारे में नागरिकों के बीच जागरूकता लाना है।

इस निमित आरजीपीआरएस , झारखण्ड के अध्यक्ष सुनीत शर्मा ने त्रिशानु राय को प्रदेश महासचिव , झारखण्ड मनोनीत किया है । सुनीत शर्मा ने मनोनयन पत्र की प्रति आरजीपीआरएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल तथा झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को भी प्रेषित किया है। विदित हो कि त्रिशानु राय कांग्रेस नगर , जिला , प्रदेश ईकाई के कई महत्वपूर्ण पदों पर रहकर कार्य कर चुके है । कांग्रेस आरजीपीआरएस प्रदेश महासचिव , झारखण्ड मनोनीत होने के उपरांत त्रिशानु राय ने कहा कि कांग्रेस के जनाधार को और अधिक सशक्त एवं मजबूती प्रदान की दिशा में कार्य करेंगे साथ ही शीर्ष नेतृत्व के उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

## आकाशदीप प्लाजा ऑनर्स वेलफेयर कमिटी का हुआ पुनः विस्तार

- **सत्येंद्र कुमार बने अध्यक्ष और सचिव बने जे.पी. सिंह**
- **जल्द होगा पूर्ण कमिटी का विस्तार साथ ही आकाशदीप मार्केट में हो रही अनियमितता का होगा समाधान**

आज दिनांक 3 दिसंबर 2024 दिन मंगलवार को आकाशदीप प्लाजा के नीचे आकाशदीप प्लाजा ऑनर्स एसोसिएशन की बैठक श्री गणेश प्रतिमा के समक्ष आयोजित हुई , बैठक की अध्यक्षता करते हुए अखिलेश सिंह ने बताया कि पिछली कमिटी द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा के साथ नई कमिटी का विस्तार और मार्केट का पुनरुद्धार हो इसपर चर्चा के लिए सार्वजनिक रूप से सभी दुकानदार भाइयों संग चर्चा परिचर्चा हुई , इसके लिए डाक्टर के के लाल और मोहम्मद जाफर भाई ने अध्यक्ष के रूप में सत्येंद्र कुमार का प्रस्ताव रखा तो राजेश कुमार सावा और विजय ओझा ने सचिव के रूप में जे.पी.सिंह का नाम प्रस्तावित किया जिसे सभी ने सहर्ष स्वीकार करते हुए अगले रविवार तक पूर्ण कमिटी विस्तार करते हुए मार्केट से संबंधित समस्याओं का निराकरण करने का कार्य पूर्ण करेंगे और दुकानदार भाइयों के हर तरह से सहयोग मिले इसके लिए सभी दुकानदार भाइयों की सूची तैयार कर उन्हें भी इस मुहिम में जुड़ने का कार्य किया जाएगा ।

बैठक में मुख्य रूप से प्रशांत कुमार , विजय प्रसाद, ब्रजेश सिंह, मो फैज, अजीत सिंह, अप्पू तिवारी, सुरेन्द्र शर्मा, मुन्ना मिश्रा, दिलीप घोष,गांधी पैथोलॉजी,तपन घोष, राजेंद्र कुमार, दीपक झा, समेत अन्य मौजूद रहे

# आदिवासी युवती की निर्मम हत्या मामले में पुलिस ने किया चौंकाने वाला खुलासा

- **बगैर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बोले एसपी नहीं हुई थी युवती के साथ गैंगरेप, प्रेमी ने किया था शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास, विरोध करने पर प्रेमी ने कर डाली थी प्रेमिका की हत्या**
- **मामले को लेकर परिजनों ने काटा बवाल, पिछले दरवाजे से पुलिस ने आरोपी को भेजा सलाखों के पीछे**





संवाददाता।

**सरायकेला।** खरसावां जिला के सरायकेला थाना अंतर्गत शासन गांव के समीप खरकाई नदी के किनारे बीते 28 नवंबर की सुबह क्षत- विक्षत अवस्था में मिले आरआईटी थाना अंतर्गत सीतारामपुर की आदिवासी युवती संजना हांसदा की मौत मामले में पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है. एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने मंगलवार को मामले का खुलासा करते हुए युवती के साथ गैंगरेप से इंकार किया है. हालांकि अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने नहीं आया हैं. एसपी ने बताया कि मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा है. प्रेमी रोहित मुर्मू को गिरफ्तार कर लिया गया है. उन्होंने बताया कि प्रेमी के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर उन्होंने बताया कि युवती के साथ वह शारीरिक संबंध बनाना चाहता था, मगर युवती ने इससे इंकार कर दिया जिससे आवेश में आकर उसने पत्थर से कूचकर युवती की हत्या कर दी. उन्होंने बताया कि कांड के उद्भेदन को लेकर एक एसआईटी का गठन किया गया था. टीम ने तकनीकी और मानवीय साक्ष्यों के आधार पर इस मामले का उद्भेदन किया है. बता दें कि घटनास्थल से शराब की बोतलें, तीन चार खाली प्लेट और शक्तिवर्धक दवाइयां मिले थे, मगर पुलिस ने अपने प्रेस रिलीज में इसका जिक्र नहीं किया है. पुलिस के अनुसार घटना स्थल से मृतका का एक जोड़ी चप्पल, घटना में प्रयुक्त खून लगा सीमेंट का पिलर, मृतका का मोबाइल और आधा बचा हुआ थम्सअप बरामद किया गया है. जो कहीं न कहीं पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं. इधर पुलिस की कार्रवाई पर सवालिया निशान उठाते हुए भाजपा नेता रमेश हांसदस के नेतृत्व में परिजनों के साथ ग्रामीणों ने मंगलवार को सरायकेला- टाटा मार्ग को करीब डेढ़ घंटे तक जाम कर दिया. बाद में एसपी के आश्वासन के बाद परिजनों ने जाम हटा लिया. मालूम हो कि घटना के चार दिन बाद युवती की शिनाख्त हुई. उसके बाद परिजनों ने युवती के कथित प्रेमी पर अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर हत्या का आरोप लगाया था. परिजनों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने गिरफ्त में आए युवती के कथित प्रेमी को पिछले दरवाजे से न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. हालांकि एसपी ने परिजनों को भरोसा दिलाया है कि अभी जांच जारी है. युवक को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी. पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि इस मामले में और कितने लोग थे. युवती के साथ गैंगरेप हुआ है या नहीं. कुल मिलाकर कहे तो इस मामले में कहीं ना कहीं पुलिस की कार्यशैली कटघरे में है.

## घाटशिला महाविद्यालय में मनाया गया देश रत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद का जन्मदिन

घाटशिला।

घाटशिला महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा भारत रत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद के जन्मदिन सह अधिवक्ता दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। डॉ राजेंद्र प्रसाद के जीवन और उनके योगदान विषय पर एक लेक्चर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप कोल्हान विश्वविद्यालय के अंग्रेजी के अध्यक्ष डॉ नरेश कुमार शामिल हुए। डॉ नरेश ने अपने संबोधन में बताया कि डॉ राजेंद्र प्रसाद वास्तव में भारत रत्न थे। एक साधारण पारिवारिक, सामाजिक आर्थिक परिस्थितियों से निकलकर देश की स्वतंत्रता, संविधान निर्माण




और आजाद भारत को शुरुआती दौर में संभालने का असाधारण कार्य किया। देश की स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी भूमिका और गांधीवादी तरीके से समस्याओं के समाधान में विश्वास के कारण वे बिहार गांधी कहलाए। राष्ट्रपति रहते हुए जो सूचिता और संस्कार कायम किए वो आज भी भारतीय राजनीति में परिलक्षित होता है। वे पार्टी में रहते हुए भी निरपेक्षता का मिशाल कायम किया।

कार्यक्रम का संचालन प्रो इंदल पासवान ने किया, स्वागत वक्तव्य डॉ संदीप चंद्रा ने दिया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ एस पी सिंह ने किया। मौके पर प्रो पूंजीसा बेदिया, शंकर महली, डेजी सेवा, मानिक मारदी, शर्मिष्ठा पातर सहित काफी संख्या में विद्यार्थी उपस्थि रहे।

## झारखण्ड कांग्रेस प्रदेश सचिव कालटू चक्रवर्ती द्वारा कंबल का वितरण किया गया

घाटशिला।

बढ़ती ठंड को देखते हुए ठंड से ठिठूरते लोगो की मदद के उद्देश्य से झारखण्ड कांग्रेस प्रदेश सचिव सह 20 सूत्री पूर्वी सिंहभूम जिला सदस्य सनत कालटू चक्रवर्ती के द्वारा घाटशिला में घूम घूम कर लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया

श्री चक्रवर्ती ने कहा की ठंड का प्रकोप काफी तेजी से बढ़ रहा है कई लोग ऐसे भी हैं जो खुले में रहते हैं या टूटे फूटे घरों में रहते हैं ऐसे जरुरतमंद लोगों को तत्काल मदद के तौर पर आज घाटशिला स्टेशन परिसर, मऊभंडार सहित अन्य क्षेत्रों में जरुरतमंदो के बीच कम्बल का वितरण किया गया

इसके साथ ही उन्होंने प्रशासन से भी जरुरतमंद लोगो को कम्बल बाँटने तथा चौक - चौराहों पर आलाव की व्यवस्था करने का भी मांग किया

इस मौके पर मानव दास, प्रमोद सिंह, राजा दत्ता, विश्वनाथ प्रताप सहित अन्य उपस्थित रहे ।




## जेंडर हिंसा के खिलाफ युवा का 16 दिवसीय अभियान

- **चेशायर होम में सहभागिता समारोह**
- **हमें भी इच्छा होती है सजने संवरने की**

संवाददाता।

**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था युवा ( यूथ यूनिटी फॉर वॉलंटरी एक्शन ) एवं विमेन गेनिंग ग्राउंड कंसोर्टियम,क्रिया नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ 16 दिवसीय अभियान के तहत जमशेदपुर प्रखंड के चेसायर होम सुंदरनगर में विश्व विकलांगता दिवस के अवसर पर सहभागिता समारोह का आयोजन किया गया` जिसमें दृश्य अदृश्य'' सबकी गिनती एक समान '' जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ अभियान का संदेश दिया गया` इस अवसर पर विकलांग साथियों ने पोस्टर, गीत, डांस के द्वारा से अपनी अभिव्यक्तियों को व्यक्त व प्रदर्शित किया ।

जैसे -

* परिवार व समाज के लोग हमें शामिल नहीं करते जिस वजह से हमें दूर कर दिया गया है।
* हमें भी इच्छा होती है कि कोई हम से दोस्ती करे, प्यार करें, हम से बात करे।
* सजने संवरने की बहुत इच्छा होती है पर परिवार के लोग मना करते हैं।
* विकलांग महिलाओं के लिए पर्याप्त सहायता सेवाएं उपलब्ध नहीं है उन्हें चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।



* शारीरिक हिंसा के साथ-साथ, विकलांग महिलाओं को मानसिक रूप से भी प्रताड़ित किया जाता है। उन्हें अपमानित किया जाता है, उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचाई जाती है और उन्हें अकेला महसूस कराया जाता है।

इस सहभागिता समारोह में पोटका प्रखंड की विकलांग साथी और उनके अभिभावक भी शामिल हुए उन्हें घर से बाहर निकल कर इतनी दूर आना बहुत अच्छा लगा वे बहुत खुश हुई। प्रतिगोगिता में चयनित प्रतिभागियों को संस्था द्वारा उपहार प्रदान किया गया।

महिला कोषांग की सलाहकार अंजली बोस ने बताया हमें सभी को अवसर देना होगा ताकि उनकी प्रतिभाएं बाहर आए और रचनात्मक विचारों को मंच मिले। इस समारोह को सफल बनाने में युवा के सदस्यों एवं लीडर महिलाओं एवं सिस्टर ने सहयोग किया।

## भीम सिंह मुंडा के निधन पर राजेश शुक्ल ने शोक जताया

**जमशेदपुर।** झारखण्ड स्टेट बार कौंसिल के वाईस चेयरमैन और राज्य के सुप्रसिद्ध वरिष्ठ अधिवक्ता श्री राजेश कुमार शुक्ल ने झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा के बड़े भाई श्री भीम सेन मुंडा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है और उनके निधन को समाज की अपूरणीय क्षति बताया है।



श्री शुक्ल ने अपने शोक सन्देश मे कहा है की स्वर्गीय भीमसेन मुंडा एक व्यवहार कुशल व्यक्ति के धनी थे, समाज के सभी लोंगो की मदद के लिए तत्पर रहते थे।

श्री शुक्ल ने श्री अर्जुन मुंडा को भेजे शोक सन्देश मे कहा है की इस कष्ट मे मुंडा परिवार के साथ है और वे भी सहभागी है तथा स्वर्गीय भीमसेन मुंडा की आत्मा की शांति के लिए प्रभु से प्रार्थना करते है।

## उपायुक्त के निर्देशानुसार खनिजों के अवैध परिवहन, खनन के विरुद्ध चलाया जा रहा सघन अभियान

- **अवैध कोयला लदा 1 भारी वाहन जब्त, प्राथमिकी दर्ज**

**जमशेदपुर।** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देशानुसार अवैध खनन एवं परिवहन के रोकथाम हेतु जिला खनन कार्यालय द्वारा लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गालूडीह थाना अंतर्गत वाहन संख्या UP20AT - 0617 (कोयला लदा) जप्त किया गया। उपरोक्त वाहन पर थाना क्षेत्र अंतर्गत सालबनी के पार्वती ढाबा के बगल में अवैध रूप से कोयला खनिज का भंडारण कर परिवहन कराया जा रहा था। जांच में बिना खनिज परिवहन चालान के वाहन पाया गया। जप्त वाहन को थाना को सुपुर्द करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।




## डी. बी. एम. एस. कॉलेज ऑफ एजुकेशन में डॉ राजेंद्र प्रसाद जयंती समारोह

संवाददाता।

डी. बी. एम. एस. कॉलेज ऑफ एजुकेशन में डॉ राजेंद्र प्रसाद जयंती के अवसर पर, एक समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर हमें डॉ राजेंद्र प्रसाद जी के जीवन और कार्यों पर आधारित कई जानकारी प्राप्त हुई। कार्यक्रम की शुरुआत हमारे महाविद्यालय की सचिव श्रीमत श्रीप्रिया धर्मराजन, सह सचिव श्रीमती सुधा दिलीप, प्राचार्या डॉ जूही समर्पिता, उप प्राचार्या डॉ मोनिका उप्पल और शिक्षकगण के द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद, महाविद्यालय की प्राचार्या द्वारा दिया गया संभाषण में डॉ राजेंद्र प्रसाद जी के जीवन से संबंधित अनेक रोचक घटनाएँ सुनाई. राष्ट्रपति के पद पर रहकर भी सामाजिक साँस्कृतिक मूल्यों को नहीं भूले राजेन्द्र बाबू` मेधावी छात्र के रूप में भी उन्हें याद किया जाता है. उन्होनें भारतीय स्वतंत्रताआंदोलन में भाग लिया था और भारतीय संविधान की रचना में अहम भूमिका निभाई थी। इसके बाद विद्यार्थियों ने वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से उनके जीवन के उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और पीपीटी प्रस्तुति के जरिए उनके जीवनी के बारे में भी बताया। फिर छात्रों द्वारा कविता पाठ भी हुआ। काव्य पाठ में पूनम, अल्का, रानी, अनीशा ने सह-भागिता निभाई` कार्यक्रम के संचालन में मीराज अंतरा ,दिया,प्रियंका,नेहा,माधुरी,आकांक्षा,अंकुर,नीतिश,बलराम,निपू,सेलोना,विजय लक्ष्मी,और अन्नू ने किया` इस जयंती के विशेष अवसर पर स्पेशल असेंबली का भी आयोजन किया गया` इस प्रकार, डी. बी. एम. एस. कॉलेज ऑफ एजुकेशन में डॉ राजेंद्र प्रसाद जयंती का समारोह सोशल साइंस क्लब की शिक्षिका पूनम कुमारी द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रबंधन समिति ,प्राचार्या, उप प्राचार्य ,समस्त शिक्षक गण, गैर शैक्षणिक सदस्यों की अहम भूमिका रही

# टाटा मोटर्स की बैठक में कई मुद्दे पर हुई चर्चा

संवाददाता।

जमशेदपुर। टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन कार्यालय में कमेटी मीटिंग का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष श्री गुरमीत सिंह ने किया। विषय प्रवेश करते हुए महामंत्री श्री आरके सिंह ने बैठक का एजेंडा पेश किया। साथ ही प्रथम बैठक होने के कारण परिचय का कार्यक्रम, विभिन्न डिवीजन के समस्याओं पर चर्चा, 21 दिसंबर को स्वर्गीय गोपेश्वर लाल दास की जयंती पर वॉलीबॉल टूर्नामेंट आयोजन आदि पर भी चर्चा को आमंत्रित किया गया। सभी कमेटी मेंबरों ने बारी-बारी से अपना परिचय के साथ अपने विचार को बैठक में रखे। बैठक में विशेष अतिथि के तौर पर यूनियन के सलाहकार श्री




प्रवीण सिंह उपस्थित हुए । उन्होंने अपने संबोधन में कहा मजदूर के हितों की रक्षा के लिए आप सब कमेटी मेंबर के रूप में यूनियन से जुड़े हैं। आप ज्यादा से ज्यादा समय कर्मचारी साथियों को दे। संस्था में एक नेतृत्व पर विश्वास और उसके पीछे सभी लोगों की कार्य शक्ति होनी चाहिए। जैसे मां दुर्गा का चेहरा एक दिखता है पर कई देवी देवताओं का शक्ति रुपी हाथ 10 आपने देखा होगा इस तरह से सभी कमेटी मेंबरों की शक्ति नेतृत्व करता पर होनी चाहिए और नेतृत्वकर्ता का एक चेहरा मजदूर हित के लिए कार्य करने के लिए एक होना चाहिए। यही यूनियन है यही यूनियन का सही मतलब है। अध्यक्ष महोदय श्री गुरमीत सिंह ने नए सदस्यों का स्वागत किया और तालमेल अनुशासन के साथ कार्य करने की सलाह सभी को दिया। कार्यक्रम के आरंभ में अध्यक्ष, महामंत्री एवं सलाहकार महोदय को फूलों का गुलदस्ता देकर सभी पदाधिकारी द्वारा उन्हें सफल चुनाव कराने के लिए बधाई दी। बैठक में सभी की बातों को सुनने के बाद महामंत्री श्री आर के सिंह ने कहा आज यह पहली बैठक है हम लोग अगले 3 महीने का कार्यक्रम तय करेंगे 21 दिसंबर को गोपेश्वर जयंती के पूर्व वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन करना है। साथ ही साथ 3 मार्च को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन करना है। यूनियन की शक्ति अनुशासन और एकता होती है। टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन इसे पालन कर ट्रेड यूनियन के क्षेत्र में अपना नाम कायम किया है। आप सभी से हम आशा करते हैं वही तालमेल और जोश के साथ हम लोग आगे भी कार्य करेंगे। मजदूर हित को सर्वोपरि रखते हुए युनियन के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन अनिल शर्मा ने किया । पूर्व ऑफिस वेयरर पी के मोहंती का देहांत होने के कारण उनकी आत्मा की शांति के लिए 1 मिनट का मौन रखा गया। मंच का संचालन प्रकाश विश्वकर्मा ने की।

न्यूज़ अपडेट

## गिरिडीह में युवक का शव मिला

**गिरिडीह।** जिले के देवरी थाना क्षेत्र के जमुआ-देवघर मुख्य मार्ग पर पथराटांड के पास सड़क के किनारे से पुलिस ने एक युवक का शव मिला। शव के पास से युवक की बाइक भी मिली है। मृत युवक की पहचान बिहार के चकाई थाना क्षेत्र के घुटिया गांव निवासी कारू राम (21) के रूप में हुई है। बताया गया कि वह घुटिया गांव के निवासी अजय कुमार का पुत्र है। मंगलवार की सुबह शव पर लोगों की नजर पड़ी, जिसके बाद पुलिस और परिजनों को खबर दी गई। घटना की सूचना पर देवरी थाना के सब इंस्पेक्टर उपेंद्र यादव मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर मौजूद मृतक के परिजनों का कहना है कि सोमवार की रात को अजय अपनी पुत्री का बर्थडे मना रहा था। बर्थडे मनाने के बाद देर रात को अजय घर से यह कह कर निकला कि वह मकडीह जा रहा है। मंगलवार की सुबह उन्हें यह जानकारी मिली कि अजय का शव सड़क के किनारे पड़ा हुआ है। इसके बाद परिजन घटना स्थल पर पहुंचे और शव की पहचान की।इस संबंध में देवरी थाना क्षेत्र के सब इंस्पेक्टर उपेंद्र यादव ने बताया कि शव के पोस्टमार्टम के बाद ही यह साफ हो पाएगा कि अजय की मौत कैसे हुई। फिलहाल पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।



## चतरा उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनीं आमजनों की समस्याएं



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में मंगलवार को उपायुक्त रमेश घोलप ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी गई। जनता दरबार में मुख्य रूप से मनरेगा से संबंधित, भूमि विवाद, राशन, विद्युत से संबंधित, अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना, आंगनबाड़ी, चबूतरा बनाने की मांग से संबंधित समेत अन्य मामले आए। एक-एक कर मिलने आए सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया।

## राज्यपाल ने राजेन्द्र प्रसाद और अल्बर्ट एक्का को दी श्रद्धांजलि



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती और परमवीर चक्र से सम्मानित शहीद लांस नायक अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि दी है। राजभवन में राज्यपाल ने दोनों के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर श्रद्धा-सुमन अर्पित की



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को देश के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर डोरंडा स्थित राजेन्द्र चौक में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। राज्यपाल ने डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के जीवन मूल्यों और उनके आदर्शों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी सादगी, निस्वार्थ सेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रति असाधारण योगदान सदैव प्रेरणा देता रहेगा। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधानसभा सदस्य कल्पना मुर्मू सोरेन ने भी भारत रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## जयंती पर राजद द्वारा याद किए गए देशरत्न राजेंद्र प्रसाद, नेता विधायक दल सुरेश पासवान और अन्य नेताओं ने दी श्रद्धांजलि।

**रांची।** भारत के प्रथम राष्ट्रपति को उनकी 140 वें जयंती पर राष्ट्रीय जनता दल ने शिद्दत से याद किया। राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान,महासचिव कैलाश यादव। सहित अन्य नेताओं ने डॉ राजेंद्र प्रसाद के जयंती पर डोरंडा राजेंद्र चौक पर माल्यार्पण कर देशरत्न के प्रति अपनी श्रद्धांजलि व्यक्त की और श्रद्धा सुमन अर्पित किए।



इस मौके पर सुरेश पासवान ने कहा कि देश-रत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद देश के विद्वान राजनेता थे संविधान ड्राफ्ट कमिटी बनाने में और देश के विकास में अहम योगदान दिया था ! कैलाश यादव ने कहा कि प्रथम राष्ट्रपति दे-शरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद सिवान जिरादेई के हमारे ग्रामीण थे !उनका जमीन का प्लॉट और हमारा एक क्षेत्र से सटा हुआ है ! मुझे (कैलाश यादव) और देश को गर्व है कि इतने महान विभूति के सपने को एक संकल्प के रूप में लेकर राजनीतिक सामाजिक मार्गदर्शन पर काम करने की जरूरत है ! मौके पर निर्मल कुमार, रोहित तिर्की, पप्पू खान जाकिर खान प्रमोद यादव नवीन यादव सुमन देव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन फ्लाईओवर का किया औचक निरीक्षण





**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मंगलवार को राजधानी रांची में मेकॉन चौक (वन भवन के नजदीक) से सिरमटोली चौक तक बन रहे निर्माणाधीन फ्लाईओवर का औचक निरीक्षण किया। मौके पर विधायक कल्पना सोरेन एवं राज्य सरकार के वरीय अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने फ्लाईओवर के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से फ्लाईओवर की विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस फ्लाईओवर निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समय सीमा पर विशेष ध्यान दें। फ्लाईओवर निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पूर्व में भी राज्य सरकार के जरिये कांटाटोली से सिरमटोली चौक तक बने फ्लाईओवर परियोजना को निर्धारित समय सीमा से पहले ही राजधानी वासियों को समर्पित किया जा चुका है। मेकॉन चौक (वन भवन के नजदीक) से सिरमटोली चौक तक बन रहे यह फ्लाईओवर भी निर्धारित समय सीमा से पहले ही रांची वासियों को समर्पित की जा सके। इस निमित्त राज्य सरकार के पदाधिकारी, इंजीनियर एवं फ्लाईओवर निर्माण में लगे श्रमिक पूरी मेहनत और लगन के साथ अपने-अपने कार्य में जुटे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि इस फ्लाईओवर परियोजना का भी जल्द से जल्द शुभारम्भ हो, ताकि लोगों को ट्रैफिक की समस्या से निजात मिल सके। उन्होंने कहा कि यह फ्लाईओवर चूंकि रेलवे क्रॉसिंग के ऊपर से गुजर रहा है इसीलिए रेल गाड़ियों के आवागमन से संबंधित बिंदुओं का भी ध्यान रखा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस फ्लाईओवर का देश और राज्य में एक अलग पहचान होगा। यह फ्लाईओवर अपने आप में एक अनोखा फ्लाईओवर होगा।

## राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने शहीद अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि




**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को रांची स्थित परमवीर चक्र से सम्मानित शहीद लांस नायक अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने शहीद लांस नायक अल्बर्ट एक्का के अद्वितीय साहस, वीरता और मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका जीवन सम्पूर्ण देशवासियों के लिए न केवल प्रेरणा का स्रोत है, बल्कि उनके बलिदान और वीरता की गाथा हमेशा अमर रहेगी।। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधानसभा सदस्य कल्पना मुर्मू सोरेन ने भी शहीद लांस नायक अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## अर्जुन मुंडा के बड़े भाई भीमसेन मुंडा का निधन, मुख्यमंत्री ने जताया शोक



**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के बड़े भाई भीमसेन मुंडा का मंगलवार को निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। इस संबंध में अर्जुन मुंडा ने सोशल मीडिया एक्स पर दुख जताते हुए जानकारी दी है। मुंडा ने कहा कि उनके बड़े भाई भीमसेन मुंडा का अंतिम संस्कार पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) स्वर्णरेखा घाट मानगो में होगा। इससे पहले घोड़ाबांधा, जमशेदपुरa स्थित घर से सुबह 11.30 बजे अंतिम यात्रा निकलेगी। अर्जुन मुंडा ने पोस्ट में लिखा है कि दुःखद समाचार व्यथित मन से बताना पड़ रहा है कि मेरे अभिभावक, मेरे बड़े भाई भीमसेन मुंडा अब हमारे बीच में नहीं रहे। यह पीड़ा असहनीय है और उनकी कमी को कोई भी पूरा नहीं कर सकता। वे लंबे समय से बीमारी से संघर्ष कर रहे थे और मंगलवार को प्रातः हम सभी को छोड़कर चले गये। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के भाई भीमसेन मुंडा के निधन की सूचना मिलने पर शोक जताया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा कि निधन की सूचना मिलने से मन व्यथित है। शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं एवं मरांग बुरु से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की कामना करता हूं।

## रांची में आपराधिक गिरोह के दहशत से बैंक और बाजार बंद

**रांची।** शहर के बुढ़मू थाना क्षेत्र के उमेडंडा गांव को आपराधिक गिरोह पहाड़ी जी दस्ता ने मंगलवार को बंद करवा दिया है। मामले में उग्रवादी संगठन टीएसपीसी से अलग होकर वीकेएस तिवारी संगठन के पहाड़ी जी दस्ता का नाम सामने आ रहा है। जानकारी के अनुसार, सोमवार की रात में पहाड़ी जी दस्ता के चार से पांच सदस्य उमेडंडा पहुंचे थे और बाजार के दुकानदारों के साथ मारपीट करते हुए हथियार का भय दिखाया और मंगलवार को दुकान बंद करने का निर्देश दिया और चले गए। इसके बाद मंगलवार को सुबह से ही उमेडंडा में सन्नाटा पसरा हुआ है। सभी दुकानें बंद हैं और वाहन भी नहीं चल रहे हैं। सूचना पाकर थाना प्रभारी रितेश कुमार पुलिस बल के साथ उमेडंडा गए और दुकानदारों से दुकान खोलने का आग्रह किया लेकिन दुकानदार दुकान खोलने के लिए तैयार नहीं हुए। उमेडंडा में स्थित इंडियन बैंक भी बंद है। उमेडंडा में स्थिति को सामान्य बनाने के लिए पुलिस प्रशासन प्रयास कर रही है। पुलिस बल उमेडंडा में लगातार पेट्रोलिंग कर रही है। पहाड़ी दस्ता के सदस्यों ने उमेडंडा बंद क्यों किया इसका अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है। बुढ़मू इलाके में टीपीसी के साथ-साथ पहाड़ी जी और कुछ आपराधिक गिरोह का आतंक है। यह इलाका बालू तस्करी के लिए जाना जाता है। बालू से मिलने वाली रंगदारी हर गिरोह को मिले इसलिए सब अपना खौफ कायम करने में लगे रहते हैं। इस बार तो एक छोटे से संगठन ने पूरे गांव को ही बंद करवा दिया है।




थाना प्रभारी रितेश ने बताया कि गांव वालों को भय मुक्त कर दुकान खुलवाने का प्रयास किया जा रहा है। नक्सली और अन्य आपराधिक संगठन के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इस वजह से भी अब आम लोगों को दहशत में डालने का काम कर रहे हैं। ग्रामीणों को धमकी देने वाले सभी आपराधिक तत्वों की पहचान हो चुकी है और उनकी तलाश में छापेमारी भी हो रही है।

# रांची में बाइक चोर गिरोह के सात सदस्य गिरफ्तार, हथियार और बाइक बरामद

**रांची।** पुलिस ने दो अलग-अलग बाइक चोर गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में तनवीर आलम, अर्जुन महतो, वासुदेव दास, रोशन दास भरत दास, गुफरान खान और आमिर अंसारी शामिल हैं। इनके पास से चोरी के पांच बाइक, एक स्कूटी ,एक पिस्टल और तीन मोबाइल फोन बरामद किया गया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गत दो दिसंबर को शुभ नारायण उपाध्याय ने बाइक चोरी का मामला लालपुर थाने में दर्ज कराया था। मामले के अनुसंधान के क्रम में सीसीटीवी फुटेज प्राप्त होने पर गठित टीम ने छापेमारी कर मो. तनवीर को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर उसके जरिये बताया गया कि वह और उसका गिरोह शहर के विभिन्न स्थानों से मोटर साईकिल चोरी करता है। इसके बाद गूगल से पुराने मोटर साईकिल का नम्बर प्राप्त कर चोरी के मोटरसाईकल का नम्बर बदल देता है तथा अपने साथियों के सहयोग से शहर के बाहर बेचने का काम करता है। इसकी निशानदेही पर शहर से चुराकर खपाये गये पांच मोटरसाईकिल इनके सहयोगियों एवं खरीदार से



बरामद किया गया है तथा कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि एक दूसरे मामले में लालपुर थाना को सूचना मिली थी कि मोटरसाईकिल चोरी के आरोप में दो लोगों को सन्तअन्ना गली में कुछ लोग पकड़ कर रखे हुए हैं। सूचना पाकर लालपुर थाना वहां पहुंची और गुफरान खान उर्फ छोटू खान को पकड़ा। पूछताछ में उसने बताया कि यह अपने पास एक पिस्टल भी रखता है, जिसका उपयोग घटना को अंजाम देने के लिए करता है और मोटरसाईकिल चोरी करने के समय भी वह इसे अपने पास रखे हुए था। पुलिस को आरोपित ने बताया कि वह यहां लोगों की भीड़ से घिर गया था और मोटरसाईकिल से भागने के प्रयास में गिर गया था। इसलिए घटनास्थल के पास वाले नाले में बहुत ही चतुराई से पिस्टल को छुपा दिया था। उसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। इसपर 13 मामले पूर्व से दर्ज है। इनमें हत्या, लूट फिरौती, चोरी और आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज है। साथ ही पुलिस ने इसकी एक सहयोगी आमिर अंसारी को गिरफ्तार किया है।

## शहादत दिवस पर याद किए गए लांस नायक अल्बर्ट एक्का




**रांची।** संत सेवियर कॉलेज के एनसीसी कैडेट ने परमवीर चक्र विजेता और लांस नायक अल्बर्ट एक्का के शहादत दिवस पर मंगलवार को उन्हें याद किया। अल्बर्ट एक्का चौक पर स्वर्गीय लांस नायक अल्बर्ट एक्का के सम्मान में रीथ लेइंग और नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 100 एनसीसी कैडेट मौजूद थे, जिन्होंने माहौल को गौरव से भर दिया। एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. प्रिया श्रीवास्तव के मार्गदर्शन और उपस्थिति में यह कार्यक्रम सफल हुआ। उल्लेखनीय है कि ऑपरेशन हिलटॉप के दौरान तीन दिसंबर, 1971 को अल्बर्ट एक्का की कार्रवाई ने दुश्मन के ठिकाने पर कब्जा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस बहादुरी और बलिदान के लिए उन्हें भारत का सर्वोच्च सैन्य सम्मान परम वीर चक्र मिला था।

# फायरिंग में मारे गए उदय के परिजनों से मिले विधायक, आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग

**हजारीबाग।** शहर में हाल के दिनों में बढ़ते अपराधों को लेकर विधायक प्रदीप प्रसाद ने गहरी चिंता जताई है। सोमवार रात कटकमदाग प्रमुख के पति उदय साव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मंगलवार को पोस्टमार्टम के दौरान विधायक प्रदीप प्रसाद शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने घटना की जानकारी ली और परिजनों के साथ एक भाई के रूप में खड़े रहे। इसके बाद उन्होंने जिला पुलिस के अधिकारियों से बात की और मामले के आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। साथ ही मामले को जल्द सुलझाने का अनुरोध किया। विधायक ने कहा कि हजारीबाग में अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है, जो कि चिंता का विषय बन चुका है। यह तीसरी बड़ी घटना है, जो केवल डेढ़ महीने के भीतर हुई है। पहले मंजीत यादव की हत्या, फिर प्रकाश ठाकुर की हत्या और अब उदय साव की हत्या ने हजारीबाग को भय और असुरक्षा के माहौल में तब्दील



कर दिया है। विधायक ने कहा कि इन घटनाओं से पूरे जिले में डर का माहौल उत्पन्न हो रहा है। एक ही स्थान पर पांच गोलियां चलाना यह दर्शाता है कि ये घटनाएं कोई आकस्मिक नहीं, बल्कि सुनियोजित साजिश का परिणाम हैं। मैं प्रशासन, पुलिस और सरकार से अनुरोध करता हूं कि अपराधियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जाए, ताकि हजारीबाग में कानून और व्यवस्था बहाल हो सके। पोस्टमार्टम हाउस में पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह भी पहुंचे। इस दौरान विधायक ने अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए बड़े कदम उठाए जाने चाहिए। मौके पर बरही विधानसभा क्षेत्र के विधायक मनोज कुमार यादव भी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हजारीबाग जिले में हो रही हत्या की घटनाओं ने पूरे क्षेत्र को दहशत में डाल दिया है। मनोज ने कहा कि कटकमदाग प्रमुख के पति उदय साव की हत्या एक भयावह घटना है, जो हमारे समाज की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा करती है। ऐसी घटनाएं केवल हजारीबाग ही नहीं, बल्कि पूरे जिले में असुरक्षा का माहौल बना रही हैं। सरकार और पुलिस प्रशासन से यही अपील है कि अपराधियों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएं। किसी भी निर्दोष नागरिक की जान से खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। ऐसे मामलों में शीघ्र कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि दोषियों को जल्द से जल्द सजा मिल सके और भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके। समाज में शांति बनाए रखने के लिए प्रशासन को प्रभावी कदम उठाने होंगे।

## पश्चिम बंगाल की ममता सरकार रोका आलू तो झारखण्ड से कोयला एवं अन्य खनिजो को जाने नही दिया जायेगा: विजय शंकर नायक

संवाददाता।

**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने प0 बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा आलू झारखण्ड को नहीं देने पर अपना अड़ियल रुख बनाये रखने पर आज अपनी प्रतिक्रिया में उक्त बाते कही.इन्होंने यह भी कहा कि प0 बंगाल द्वारा आलू नहीं देने के कारण झारखण्ड में आलू की कीमतों में बेतहासा वृद्धि हो रहीं हैं और गरीब गरबा आमजनों से आलू दूर होती जा रहीं है.

श्री नायक ने आगे कहा कि प0 बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस आलू



प्रकरण में हठधर्मिता और अड़ियल रुख अपना रहीं है जो पड़ोसी राज्य होने का एवं संकट तथा दुख सुख में साथ देने के नैतिक दायित्वों का निर्वहन नहीं कर रहीं है जो शुभ संकेत नहीं है.इन्होंने यह भी कहा की इस प्रकरण के पटाक्षेप हेतु झारखण्ड के मुख्य सचिव अलका तिवारी और प0 बंगाल के मुख्य सचिव स्तर से वार्ता भी किया जा चुका हैं मगर अभी तक कोई सफल परिणाम नहीं निकला है. अब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तुरंत बिना देर किए दो टूक में प0 बंगाल के सरकार से बात करना चाहिए और इसका समाधान निकालने का सफ़ल एवं ठोस प्रयास होना चाहिए ताकि जनता को आलू के बढ़ते महंगाई से निजात मिल सके.

श्री नायक ने साफ एवं कड़े शब्दों मे चेतावनी देते हुए कहा की अगर झारखण्ड सरकार के द्वारा प0 बंगाल की सरकार से वार्ता करने के बाद भी कोई सकरात्मक पहल ममता दीदी के द्वा-रा नहीं किया जाएगा तो फिर झारखण्ड से एक छटाक भी कोयला एवं अन्य खनिजों को प0 बंगाल जाने नहीं दिया जाएगा जिसकी जिम्मेवारी प.बंगाल की ममता सरकार की होगी. जब वो पड़ोसी धर्म नही निभायेगी तो झारखंड भी अपना पड़ोसी धर्म नही निभायेगा और जैसे को तैसा वाली नीति अपनाई जायेगी.इन्होने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से यह भी मांग किया कि वे हरेक जिला मे कोल्ड स्टोरेज बनाने की दिशा मे काम करे और झारखण्ड के किसानो को हर खेत मे पानी पहुंचाने की दिशा मे ठोस रणनीति बनाए तो हमारे किसान इतना आलू पैदा कर देगें कि राज्य तो आत्मनिर्भर हो ही जायेगा और दुसरे राज्य मे भी आलू निर्यात कर किसान आर्थिक रूप से मजबूत हो जायेंगें.

## सुविचार

कागजों को एक साथ जोड़े रखने वाली पिन ही कागजों को चुभती है, उसी प्रकार परिवार को भी वहीं व्यक्ति चुभता है जो परिवार को जोड़ के रखता है।

# बांग्लादेश: कैसे होगी शांति स्थापित?

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न, भारतीय ध्वज के अपमान और भारतविरोधी भावनाओं में बढ़ोतरी के मद्देनज़र अब बहुत जरूरी हो गया है कि वहां 'शांति स्थापित' करने के लिए कुछ सख्त कदम उठाए जाएं। उसकी अंतरिम सरकार का नेतृत्व कर रहे मोहम्मद यूनुस तो कागजी शेर ही साबित हुए। अगर वे शांति लाने के इच्छुक होते तो उनकी कोशिशों का अब तक कुछ असर जरूर नजर आता। वहां अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार की घटनाओं के बाद भारत सरकार से बड़ी उम्मीदें हैं। सरकार की ओर से ऐसे बयान आए हैं, जिनमें पड़ोसी देश के हालात पर गहरी चिंता जताई गई है। यूनुस इन बयानों की गंभीरता भलीभांति जानते हैं, लेकिन उन्हें कोई परवाह नहीं है। बांग्लादेश में 'हिंदूविरोध' के साथ ही 'भारतविरोध' जोरों पर है। वहां कट्टरपंथियों में होड़ मची है कि किसी तरह भारत के खिलाफ बयान देकर 'क्रांतिकारी' होने का तमगा हासिल किया जाए! इन हरकतों को भारत सरकार देख रही है और भारतवासी भी देख रहे हैं। दरअसल बांग्लादेशी अपने जीवन की सबसे बड़ी भूल कर रहे हैं। क्या वे नहीं जानते कि उनके देश की अर्थव्यवस्था काफी हद तक भारत पर निर्भर करती है? अगर भारत मुंह फेर लेगा तो बांग्लादेश की वही दुर्गति होगी, जो पाकिस्तान की हो चुकी है। यह न भूलें कि कुछ महीने पहले तक मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू भी बड़े तीखे तेवर दिखा रहे थे। उसके बाद जैसे ही भारतवासियों ने 'बहिष्कार' की घोषणा की, मुइज्जू को आटे-दाल का भाव मालूम हो गया। अब उनके मिजाज में बदलाव आ चुका है। उनके शब्दों से भारत के प्रति आत्मीयता टपकने लगी है। हालांकि सब जानते हैं कि मुइज्जू अंदर से अब भी घोर भारतविरोधी हैं। उन्होंने भारत के खिलाफ बयानबाजी इसलिए बंद कर दी, क्योंकि वे समझ गए कि दिल्ली के सहयोग के बिना उनका काम नहीं चलने वाला।

भारत और भारतवासियों की ताकत का एहसास बांग्लादेश को कराना जरूरी है। हमें इस बात का और इंतजार नहीं करना चाहिए कि ढाका में यूनुस और उनकी मंडली का हृदय-परिवर्तन हो जाएगा। इस सिलसिले में 'ऑल त्रिपुरा होटल एंड रेस्टोरेंट ओनर्स एसोसिएशन' (एटीएचआरओए) द्वारा बांग्लादेशी पर्यटकों को अपनी सेवाएं उपलब्ध नहीं कराने का निर्णय लिया जाना स्वाभाविक है। भारत में कुछ डॉक्टरों की इस बात को लेकर आलोचना हो रही है कि उन्होंने बांग्लादेशियों का इलाज करने से इन्कार कर दिया। यहां डॉक्टरों की भावनाओं को समझना जरूरी है। कोई व्यक्ति ढाका में मंदिरों का अपमान करे, हिंदुओं का उत्पीड़न करे, तिरंगे की मर्यादा से खिलवाड़ करे और भारतविरोधी विचारों को बढ़ावा दे, लेकिन इसके साथ यह उम्मीद भी रखे कि जब वह कोलकाता आए तो यहां भारतीय उसका स्वागत फूल मालाओं से करना अपना कर्तव्य समझें! यह नहीं हो सकता। भारतीय डॉक्टरों ने अनगिनत बांग्लादेशी मरीजों का इलाज किया है। वे भविष्य में भी इसके लिए तैयार हैं। बस, बांग्लादेशियों को 'मनुष्य' की तरह व्यवहार करना होगा। उन्होंने अपने देश की सड़कों पर जो हुड़दंग मचा रखा है, उसके लिए यह न समझें कि भारत की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं होगी। बेशक हम शांतिप्रिय लोग हैं। हम सभी बांग्लादेशियों के लिए अच्छी भावनाएं रखते हैं। हम चाहते हैं कि बांग्लादेश में खुशहाली आए, विकास हो। इसके साथ हम यह भी चाहते हैं कि बांग्लादेश के लोग भारतवासियों के लिए अच्छी भावनाएं रखें। अगर बांग्लादेशी यह सोचते हैं कि वे भारतविरोधी भावनाओं को बढ़ावा देते रहेंगे और दिल्ली से उनकी तरफ 'मिठाइयां' आती रहेंगी, तो अब ऐसा संभव नहीं है। जिस दिन भारत ने बिजली कटौती कर दी, जरूरी चीजों के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया या कीमतें बढ़ा दीं, परस्पर सहयोग बंद कर दिया, भारतवासियों ने आर्थिक बहिष्कार कर दिया तो बांग्लादेश छह महीने भी नहीं चल पाएगा। उस सूरत में यूनुस को हुड़दंगियों के खिलाफ मजबूरन बलप्रयोग करना होगा। सख्त कार्रवाई हो तो पूरा बांग्लादेश एक हफ्ते में 'सही लाइन' पर आ सकता है।

## ट्वीटर टॉक



आज सिविल लाइन स्थित कार्यालय पर जनसुनवाई कर प्रदेश के विभिन्न स्थानों व विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र से पधारे भाजपा कार्यकर्ता एवं आमजन की समस्याएं जानी तथा निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

**-दीया कुमारी**



लखनऊ में दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए उत्कृष्ट कार्य कर रही संस्थाओं एवं महानुभावों को राज्य स्तरीय पुरस्कार से अलंकृत तथा मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही, अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को पूर्वदशम छात्रवृत्ति का वितरण भी किया गया।

**-योगी आदित्यनाथ**



हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की पुण्यतिथि पर उन्हें मेरा कोटिशः नमन। उनके अद्वितीय कौशल और समर्पण ने भारत को विश्व हॉकी में एक नई पहचान दिलाई। उनकी खेल प्रतिभा और उपलब्धियां देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेंगी।

**-गोविंद सिंह डोटासरा**

## प्रेरक प्रसंग

# समाज सेवा के लक्ष्य

दीनदयाल उपाध्याय एक छोटे से गांव में यात्रा पर थे। एक दिन एक युवा कार्यकर्ता ने उन्हें पूछा, 'आप हमेशा कहते हैं कि समाज की असली सेवा उस व्यक्ति तक पहुंचने में है, जिसे सबसे अधिक सहायता की जरूरत है। लेकिन क्या हम ऐसे लोगों तक पहुंचने के लिए अपने संसाधनों को सही तरीके से इस्तेमाल कर पा रहे हैं?' दीनदयाल उपाध्याय बोले, 'समाज की सेवा का मतलब सिर्फ भव्य योजनाएं बनाना या बड़े कार्यक्रम आयोजित करना नहीं है। असली सेवा तब होती है जब हम हर उस व्यक्ति की मदद करते हैं, जो खुद अपनी मदद नहीं कर सकता। यह हमारे काम का असली उद्देश्य होना चाहिए- न केवल बड़े उद्देश्यों के पीछे भागना, बल्कि छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देना और प्रत्येक व्यक्ति की स्थिति को समझना।' युवा कार्यकर्ता ने पूछा, 'लेकिन हम कैसे जान सकते हैं कि हमें किसे मदद देनी चाहिए?' दीनदयाल उपाध्याय ने उत्तर दिया, 'जब तुम किसी को देखो, तो उसे केवल एक व्यक्ति न समझो। उसे उसकी जरूरतों, उसकी परिस्थितियों और उसकी समस्याओं के साथ देखो। अगर तुम यह समझ पाओ कि वह क्या महसूस करता है, तो सेवा अपने आप सामने आएगी।

## सामयिक



**यह गर्व की बात है कि हिन्द महासागर में ड्रैगन के कब्जे की रणनीति को नाकाम करने के लिए भारत अपनी समुद्री ताकत बढ़ाने के लिए लगातार विध्वंसक युद्धपोतों और पनडुब्बियों के निर्माण में लगा है। इसी कड़ी में आईएनस कलवरी, खंडेरी और आईएनएस करंज के बाद स्वदेशी पनडुब्बी आईएनएस वेला को नौसेना में शामिल किया जा चुका है, जो अत्याधुनिक मशीनरी और टैक्नोलॉजी के साथ-साथ घातक हथियारों से भी लैस है। इस सबमरीन को 'साइलेंट किलर' कहा जाता है, जो दुश्मन को उसकी मौत की भनक तक नहीं लगने देती।**

# निरंतर मजबूत हो रही है भारतीय नौसेना

**योगेश कुमार गोयल**

प्रतिवर्ष 4 दिसम्बर को भारतीय नौसेना के जांबाजों को याद करते हुए भारतीय नौसेना दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारतीय नौसेना की शानदार जीत के जश्न के रूप में मनाया जाता है। दरअसल 3 दिसम्बर 1971 को पाकिस्तानी सेना ने हमारे हवाई और सीमावर्ती क्षेत्र में हमला कर दिया था। दुष्ट पाकिस्तान को उस हमले का मुहतोड़ जवाब देने के लिए पाकिस्तानी नौसेना के कराची स्थित मुख्यालय को निशाने पर लेकर ऑपरेशन ट्राइडेंट' चलाया गया था और भारतीय नौसेना की मिसाइल नाव तथा दो युद्धपोतों के आक्रमणकारी समूह ने कराची के तट पर जहाजों के समूह पर हमला कर दिया था। हमले में पाकिस्तान के कई जहाज और ऑयल टैंकर तबाह कर दिए गए थे।

भारतीय नौसेना का वह हमला इतना आक्रामक था कि कराची बंदरगाह पूरी तरह बर्बाद हो गया था और कराची तेल डिपो पूरे सात दिनों तक धू-धूकर जलता रहा था। तेल टैंकरों में लगी आग की लपटों को 60 किलोमीटर दूर से भी देखा जा सकता था। उस हमले में कराची हार्बर फ्यूल स्टोरेज तबाह होने के कारण पाकिस्तानी नौसेना की कमर टूट गई थी। भारतीय नौसेना द्वारा किए गए हमले में तीन विद्युत क्लास मिसाइल बोट, दो एंटी-सबमरीन और एक टैंकर शामिल थे और युद्ध में भारतीय नौसेना ने पहली बार जहाज पर मार करने वाली एंटी शिप मिसाइल से हमला किया था। ऑपरेशन ट्राइडेंट की सफलता के बाद भारत-पाकिस्तान युद्ध में जीत हासिल करने वाली भारतीय नौसेना की शक्ति और बहादुरी को सलाम करने के लिए 4 दिसम्बर को भारतीय नौसेना दिवस मनाने की शुरूआत हुई। नौसेना दिवस हर साल एक खास थीम के साथ मनाया जाता है और 2024 के नौसेना दिवस का विषय है नवाचार और स्वदेशीकरण के माध्यम से शक्ति और शक्ति'। नौसेना दिवस समारोह में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की योजना विशाखापट्टनम स्थित भारतीय नौसेना कमान द्वारा तैयार की जाती है। समारोह की शुरुआत युद्ध स्मारक पर पुष्प अर्पित करके की जाती है, उसके बाद नौसेना की पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों आदि की ताकत और कौशल का प्रदर्शन किया जाता है। नौसेना के मुंबई स्थित मुख्यालय में इस अवसर पर नौसैनिक अपने शौर्य का प्रदर्शन करते हैं और गेटवे ऑफ इंडिया बीटिंग रीट्रिट सेरेमनी का आयोजन किया जाता है। भारतीय नौसेना मुख्य रूप से तीन भागों (वेस्टर्न नेवल कमांड, ईस्टर्न नेवल कमांड तथा दक्षिणी नेवल कमांड) में बंटी है। वेस्टर्न नेवल कमांड का मुख्यालय मुंबई में, ईस्टर्न नेवल कमांड का विशाखापत्तनम में और दक्षिणी नेवल कमांड का कोच्चि में है। वेस्टर्न तथा ईस्टर्न कमांड ऑपरेशनल कमांड है, जो अरब सागर और बंगाल की खाड़ी को संभालती है जबकि दक्षिणी नेवल कमांड ट्रेनिंग कमांड है। केरल स्थित एझिमाला नौसेना अकादमी एशिया की सबसे बड़ी नौसेना अकादमी है। भारत के राष्ट्रपति भारतीय नौसेना के सुप्रीम कमांडर हैं। वॉइस एडमिरल राम दास कटारी 22 अप्रैल 1958 को भारतीय वायुसेना के पहले भारतीय चीफ बने थे। भारतीय नौसेना का नीति वाक्य है शं नो वरूणः' अर्थात जल के देवता वरूण हमारे लिए मंगलकारी रहें।

भारतीय नौसेना का कार्य भारत की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा करना है और इसके गठन का इतिहास ब्रिटिश काल से जुड़ा है। ईस्ट इंडिया कम्पनी ने भारतीय नौसेना की स्थापना वर्ष 1612 में ब्रिटिश व्यापारियों के जहाजों की सुरक्षा के लिए ईस्ट इंडिया कम्पनी मरीन' के रूप में की थी। वर्ष 1686 तक ब्रिटिश व्यापार पूरी तरह से बॉम्बे में स्थानांतरित हो जाने के बाद इस दस्ते का नाम ईस्ट इंडिया मरीन' से बदलकर बॉम्बे मरीन' कर दिया गया, जिसने मराठा, सिंधी युद्ध के साथ-साथ वर्ष 1824 में बर्मा युद्ध में भी हिस्सा लिया था। वर्ष 1892 में इसका नाम रॉयल इंडियन नेवी' रखा गया। देश की आजादी के बाद वर्ष 1950 में नौसेना का गठन फिर से किया गया और 26 जनवरी 1950 को भारत के लोकतांत्रिक गणराज्य बनने के बाद इसका नाम रॉयल इंडियन नेवी से बदलकर इंडियन नेवी (भारतीय नौसेना) कर दिया गया।

भारतीय नौसेना वर्तमान में विशालकाय और एडवांस फीचर से लैस अपने युद्धक पोतों, सबमरीन्स इत्यादि के बलबूते दुनियाभर में चौथे स्थान पर है। मौजूदा समय में भारतीय नौसेना की ताकत पर नजर डालें तो भारतीय नौसेना के बेड़े में दो विशाल विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य तथा आईएनएस विक्रांत के अलावा अनेक अत्याधुनिक एयरक्राफ्ट, वॉरफेयर शिप, सबबमरीन तथा अन्य सैन्य साजो-सामान हैं, जो इसे दुनिया में चौथी सबसे मजबूत नौसेना बनाते हैं।

बहरहाल, यह गर्व की बात है कि हिन्द महासागर में ड्रैगन के कब्जे की रणनीति को नाकाम करने के लिए भारत अपनी समुद्री ताकत बढ़ाने के लिए लगातार विध्वंसक युद्धपोतों और पनडुब्बियों के निर्माण में लगा है। इसी कड़ी में आईएनस कलवरी, खंडेरी और आईएनएस करंज के बाद स्वदेशी पनडुब्बी आईएनएस वेला को नौसेना में शामिल किया जा चुका है, जो अत्याधुनिक मशीनरी और टैक्नोलॉजी के साथ-साथ घातक हथियारों से भी लैस है। इस सबमरीन को 'साइलेंट किलर' कहा जाता है, जो दुश्मन को उसकी मौत की भनक तक नहीं लगने देती। कुल मिलाकर, भारतीय नौसेना की ताकत दिनों-दिन बढ़ रही है और वर्तमान में इसकी ताकत के आगे पाकिस्तानी नौसैना कहीं नहीं ठहरती तथा चीन की चुनौतियों का भी हमारी नौसेना डटकर मुकाबला कर रही है।

## नजरिया

# सांस्कृतिक पहचान को कुचलने की कुचेष्टाएं कब तक?

**आक्रांताओं द्वारा नष्ट किए गए धार्मिक स्थल सिर्फ धार्मिक प्रतीक नहीं हैं, बल्कि वे भारत की सभ्यता एवं संस्कृति की ऊंच रोशनी की मीनारें है। कांग्रेस ने इनके दमन का ही सिलसिला जारी रखा। इस तरह इतिहास का मिथ्याकरण और देश की नई पीढ़ी को उनके पूर्वजों के वास्तविक अनुभवों को जानने से वंचित रखना हर हाल में गलत है, त्रासद है, विडम्बनापूर्ण है। कठोर वास्तविकताएं एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत भारत का यथार्थ है तो अप्रिय प्रवृत्तियां, विभाजनकारी सोच एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का विध्वंस भी बड़ा यथार्थ है। मुगल शासक हो या अंग्रेजी शासक या आजादी के बाद की सरकारें -राजनीतिक उद्देश्यों एवं वोट की राजनीति के चलते मुस्लिम तुष्टीकरण को अपनाया। यही कारण है कि भारत पर अन्याय-अत्याचार करने एवं आक्रांता बन देश को लुटने वालों को हमने हीरो बनाया और उनके नाम पर प्रमुख मार्गों का नामकरण किया, पाठ्य-पुस्तकों में उनको महिमामंडित किया।**

**ललित गर्ग**

भारत की समृद्ध सांस्कृतिक, धार्मिक एवं आर्थिक विरासत को कुचलने की चेष्टाएं अतीत से लेकर वर्तमान तक होती रही है। बहुत बड़ा सच है कि अगर किसी देश को नष्ट करना है तो उसकी सांस्कृतिक पहचान को खत्म कर दो। देश अपने आप नष्ट हो जाएगा। भारत पर हमला करने वाले विदेशी आक्रांताओं ने यही किया। इस्लामी आक्रांताओं ने न सिर्फ धन-संपदा लूटी बल्कि भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को खत्म करने के लिए बड़े पैमाने पर मंदिरों और धार्मिक स्थलों को तोड़ कर मस्जिदें बना दीं। भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति के शत्रु एवं तथाकथित धर्म-निरपेक्षता की राजनीति करने वाले नेता इस बात को अधिक बेहतर समझते हैं, अतः उन्होंने इतिहास को झुठलाने, धुंधलाने और काल्पनिक बातें गढ़ने एवं फैलाने पर ध्यान केंद्रित किया। हमारे नेताओं-नीतिकारों की नासमझी के कारण ही इसमें वे सफल भी रहे हैं। क्या यह स्थिति बदल रही है? देश में कुछ लोग सही इतिहास को उजागर करने एवं ऐतिहासिक विरासत को धुंधलाने एवं कुचलने की कुचेष्टाओं का परिमार्जन करने के लिये तत्पर हुए है, इसी का परिणाम है कि सैकड़ों वर्षों की गुलामी के बाद आज सनातन संस्कृति का पुनरुद्धार हो रहा है। अयोध्या, काशी, मथुरा के बाद संभल और अजमेर दरगाह जैसे मामलों में साक्ष्यों और दस्तावेजों के आधार पर भारत की सांस्कृतिक पहचान के प्रतीकों को हासिल करने के प्रयास हो रहे हैं। ऐसे प्रयासों के द्वारा अशांति फैलाने का लक्ष्य नहीं है, बल्कि इतिहास बड़ी भूलों को सुधारना एवं वास्तविक तथ्यों को सामने लाना है। लेकिन, इसमें एक बड़ी बाधा है पूजा स्थल अधिनियम, 1991, जो देश में आजादी से पहले से मौजूद धार्मिक स्थलों जुड़े तथ्यों की खोजबीन की भी अनुमति नहीं देता है? क्या इसके चलते देश में आक्रांतवादी सोच एवं देश की विरासत को धुंधलाने की कोशिश पर पर्दा ही पड़ा रहेगा? ऐतिहासिक अन्याय, अत्याचार एवं राष्ट्र-विरोधी सोच एवं सच्चाई तो सामने आनी ही चाहिए। इस देश में उन विघटनकारी एवं संस्कृति-विरोधी लोगों की मर्जी कब तक चलती रहेगी? कब तक बात-बेबात हंगामा होता रहेगा? कब तक सांस्कृतिक पहचान को बेमानी साबित करने के षडयंत्र होते रहेंगे?

इस सच से इंकार नहीं किया जा सकता कि इतिहास से न केवल छेडछाड़ हुई है बल्कि समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास को निस्तेज भी किया गया है। इसी बात को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उजागर करते हुए कहा कि हमारे इतिहास के साथ छेड़छाड़ की गई है। अतीत में यह बात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर गृहमंत्री अमित शाह भी कह चुके हैं, यह बात पूर्व में भी बार-बार अनेक नेताओं ने कही है, लेकिन इतिहास को सही रूप में पेश करने का काम नहीं हो पा रहा है और वह भी तब, जब सभी इससे परिचित हैं कि सच्चे इतिहास की जानकारी के अभाव में लोगों के बीच नासमझी की खाई चोड़ी ही होती है, झूठे इतिहास को ही लोग सच मानने से उनकी अपनी परम्परा एवं इतिहास के प्रति आस्था की बजाय घृणा बढ़ती है। अपनी इतिहास एवं संस्कृति की विलक्षण एवं विशेषताओं से दूरी बनाकर झूठे इतिहास के कसीदें पढ़ने से राष्ट्र के प्रति गौरव का भाव क्षीण होता है। ऐसी स्थितियों में राष्ट्रीय एकता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के गौरवपूर्ण क्षण कैसे सामने आ सकते हैं। झूठे इतिहास के कारण लोग संगठित कैसे हो सकते हैं? उनके स्वर विपरीत ही होते हैं, जिससे एक-दूसरे से जुड़ना तो दूर आपसी द्वेष, नफरत एवं द्वंद्व की स्थितियां ही राष्ट्र पर हावी होती है। सही इतिहास जानने की इस महत्ता से हमारे नीति-निर्माता अनभिज्ञ रहे हैं। अन्यथा इस विषय पर यहां इतनी दलबंदी न होती। हमें एक असहिष्णु, उन्मादी एवं कट्टरवादी समाज बनने के रास्ते पर ही नहीं, बल्कि भीतर से ज्यादा से ज्यादा विभाजित एवं कमजोर समाज बनने के रास्ते पर धकेला जा रहा है। इस तरह की स्थितियां एवं मुहिमें देश की एकता एवं अखण्डता पर आघात करती है।

भारतीयों ने गणित व खगोल विज्ञान पर प्रामाणिक व आधारभूत खोज की। शून्य का आविष्कार, पाई का शुद्धतम मान, सौरमंडल पर सटीक विवरण आदि का आधार भारत में ही तैयार हुआ। वसुधैव कुटुम्बकम का विचार इसी देश ने किया। अहिंसा यहां की जीवनशैली का सौन्दर्य रहा है, विविधता में एकता को हमने जीकर दिखाया है, लेकिन हमारी उदारता को आक्रांताओं एवं विभाजनकारी ताकतों ने हमारी कमजोरी मान लिया है। यही कारण है कि तात्कालिक एवं अतीत की कुछ नकारात्मक घटनाओं व प्रभावों ने जो धुंध हमारी सांस्कृतिक जीवन-शैली पर आरोपित की है, उसे सावधानी पूर्वक हटाना होगा। आज आवश्यकता है कि हम अतीत की सांस्कृतिक धरोहर को सहेजें और सवारें तथा उसकी मजबूत आधारशिला पर खडे होकर नए मूल्यों व नई संस्कृति को निर्मित एवं विकसित करें। ऐसा करके ही हम नया भारत-सशक्त भारत निर्मित कर पायेंगे। समृद्ध संस्कृति भारत की एक विरासत है। इसमें धर्म, अध्यात्मवाद, ललित कलाएं, ज्ञान विज्ञान की विविध विधाएं, नीति, दर्शन, विधि, विधान, जीवन प्रणालियां और वे समस्त क्रियाएं और कार्य हैं जो उसे महान बनाती है। समय-समय पर इसका विविध संस्कृतियों के साथ संघर्ष, मिलन, परिवर्तन, परिवर्धन और आदान-प्रदान हुआ है। भारतीयों की अनेक भावनाओं पर शताब्दियों से समय-समय पर आती रहने वाली विविध जातियों ने बहुत पहले से ही अपना न्यूनाधिक प्रभाव डाल रखा था। परंतु इस्लाम के आ जाने पर भारतीय संस्कृति में एक हलचल सी मच गयी, सांस्कृतिक विरासत को ध्वस्त करने के सलक्ष्य प्रयत्न हुए, कला, धार्मिकता, शिल्प के मन्दिरों को ध्वस्त करके मस्जिदों का निर्माण कराया गया। लेकिन इन ऐतिहासिक भूलों को सुधारने का अवकाश तो हमेशा से रहा है।

सर्वोच्च न्यायालय ने संभल मस्जिद मामले में 29 नवंबर 2024 को स्थानीय अदालत की कार्यवाही पर अस्थायी रोक लगा दी। इस मामले में विपक्षी दल विशेषतः कांग्रेस एवं समाजवादी पार्टी उत्तरप्रदेश सरकार को जबरन घसीट रही है, जबकि सर्वोच्च अदालत शांति बनाये रखने के लिये मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय को सुनवाई करने का निर्देश दिया है। 24 नवंबर को अदालती निर्देश पर हुए सर्वे के दौरान खूनी हिंसा, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी, उसके बाद सर्वोच्च न्यायालय ने जो निर्णय दिया, उसका मर्म यह है कि मामले में फैसला इस बात पर निर्भर करेगा कि क्या सच है या फिर कौन समुदाय कितना उपद्रव करता है और वह शासन-व्यवस्था के लिए कितनी बड़ी चुनौती बन सकता है। अर्थात चाहे अन्याय' कितना भी बड़ा हो, अदालत न्याय' से अधिक 'शांति-सद्भावना' को वरीयता देगी। देरसबेर न्याय होता हुआ देखा भी गया है, अयोध्या में बना श्रीराम मन्दिर इस का उदाहरण है।

आक्रांताओं द्वारा नष्ट किए गए धार्मिक स्थल सिर्फ धार्मिक प्रतीक नहीं हैं, बल्कि वे भारत की सभ्यता एवं संस्कृति की ऊंच रोशनी की मीनारें है। कांग्रेस ने इनके दमन का ही सिलसिला जारी रखा। इस तरह इतिहास का मिथ्याकरण और देश की नई पीढ़ी को उनके पूर्वजों के वास्तविक अनुभवों को जानने से वंचित रखना हर हाल में गलत है, त्रासद है, विडम्बनापूर्ण है। कठोर वास्तविकताएं एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत भारत का यथार्थ है तो अप्रिय प्रवृत्तियां, विभाजनकारी सोच एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का विध्वंस भी बड़ा यथार्थ है। मुगल शासक हो या अंग्रेजी शासक या आजादी के बाद की सरकारें -राजनीतिक उद्देश्यों एवं वोट की राजनीति के चलते मुस्लिम तुष्टीकरण को अपनाया। यही कारण है कि भारत पर अन्याय-अत्याचार करने एवं आक्रांता बन देश को लुटने वालों को हमने हीरो बनाया और उनके नाम पर प्रमुख मार्गों का नामकरण किया, पाठ्य-पुस्तकों में उनको महिमामंडित किया। लेकिन यहां लंबे समय से इतिहास और वर्तमान के अप्रिय प्रसंगों पर चुप्पी की परंपरा बनी हुई है। अब यह चुप्पी टूट रही है तो निश्चित ही दूध का दूध एवं पानी का पानी होकर रहेगा। भारत अपनी समृद्ध विरासत को पुनः नये शिखर पर स्थापित कर पायेगा। मस्जिदें हो या अन्य ऐतिहासिक धरोहर -उनके झूठे इतिहास एवं तथ्यों और उनके तमाम प्रचलित निष्कर्ष निराधार हैं, भ्रामक है, बेबुनियाद है, जिन्हें राजनीतिक उद्देश्य से प्रचारित किया गया। जबकि सच्ची बातों और कटु स्मृतियों का दमन हुआ। हालांकि ऐसी स्मृतियां मिटती नहीं, वे तो ज्वालामुखी होकर फटती हैं, सच को सामने लाती है।

# 12 करोड़ रुपये खर्च के बाद भी समस्या का समाधान नहीं, कूड़े-कचरे के बीच रहने के लिए लोग विवश आश्वासन के बाद बढ़ी उम्मीदें

**दुमका।**

झारखंड की उपराजधानी दुमका के शहरी क्षेत्र के बीचोबीच एक इलाका है बक्शीबांध , यहां हजारों लोग निवास करते हैं पर आपको जानकर आश्चर्य होगा कि सभी लोग कूड़े - कचरे के पहाड़ के बीच रहने को विवश हैं । इस गम्भीर समस्या के समाधान के लिए जिला प्रशासन ने लगभग 12 करोड रुपए खर्च भी किये पर आज भी स्थिति ज्यों की त्यों है ।

प्रदूषण की वज़ह से लोगों को श्वांस संबंधी बीमारियांः दरअसल दुमका के बक्शीबांध इलाके में वर्षों से नगर परिषद द्वारा शहरी क्षेत्र का कूड़ा डंप किया जाता है । पिछले तीन-चार दशक से आसपास के इलाके में हजारों लोगों ने अपना मकान बना लिया । रहने वाले लोगों को कूड़ा डंपिंग की वजह से जब परेशानी होने लगी तो उन्होंने सामुहिक तौर पर मांग शुरू किया कि इस कचरा डंपिंग यार्ड शिफ्ट किया जाए । उसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन , नगर परिषद के साथ - साथ जनप्रतिनिधियों के सामने अपनी बात रखी। कई बार सड़क जाम और अन्य तरह-तरह के आंदोलन के जरिए से अपनी मांगे रखी पर उन्हें सिर्फ आश्वासन से ही संतोष करना पड़ा। इस कचरे के डंपिंग यार्ड की वजह से इस इलाके बड़ी आबादी को श्वसन संबंधी बीमारियां हो चुकी है।

यहां रहने वाले उमेश ठाकुर ने बताया कि वे खुद हृदय रोग के शिकार हो चुके हैं। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि कई ऐसे लोग थे जिनकी ऐसी बीमारियों की वजह से मौत भी हो चुकी है। वही यहां रहने वाले संतोष चौधरी ने कहा कि वर्षों से हम लोग समस्या की समाधान की मांग कर रहे हैं। परेशानी उस वक्त ज्यादा बढ़ जाती है जब और असामाजिक तत्वों के द्वारा इस कचरे के पहाड़ में आग लगा दिया जाता है और प्रदूषित धुएं की वजह से जीना मुश्किल हो जाता है ।

उन्होंने कहा कि आज तक इस पर कोई ठोस पहल नहीं हुई । उन्होंने जानकारी दी कि हाल ही में स्थानीय विधायक बसंत सोरेन हमारे इलाके में वोट की अपील करने आए थे तो हमने उनसे अपनी समस्या रखी है उन्होंने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है ।

12 करोड़ की लागत से लिया गया था जमीन पर नहीं हुआ समस्या का समाधानः यहां खास बात यह है कि इस कचरे के डंपिंग यार्ड को दूसरी जगह शिफ्ट करने के लिए कुछ वर्ष पूर्व जिला प्रशासन के द्वारा सदर प्रखंड के ठाड़ी गांव में 12 करोड़ की लागत से एक भूखंड अधिग्रहित किया गया था । काफी खर्च कर उसमें बाउंड्री वॉल भी बनाया गया पर वहां डंपिंग यार्ड को शिफ्ट नहीं किया गया । यहां रहने वाले लोगों का कहना है कि जल्द से जल्द ठाड़ी गांव में इसे शिफ्ट कराया जाए ।

क्या कहते हैं नगर परिषद के अधिकारीः इस पूरे मामले पर हमने दुमका नगर परिषद के अधिकारी शीतांशु खलको से फोन पर बात की । उन्होंने कहा कि लोगों की इस समस्या के समाधान के लिए स्वच्छ भारत अभियान के तहत आवश्यक पहल की जा रही है । उन्होंने कहा कि एक से डेढ़ साल के अंदर वहां रहने वाले लोगों को इस कचरे के देर से मुक्ति मिल जाएगी ।

एक बड़ा सवाल - कब होगा समस्या का समाधान लोग ः हजारों लोग वर्षों से परेशान हैं । इधर दुमका नगर परिषद के साथ-साथ स्थानीय विधायक बसंत सोरेन ने भी समाधान की बात कही है तो देखना दिलचस्प होगा कि आखिर कब तक बख्शी बांध इलाके के लोगों को राहत मिलती है ।

# डॉ राजेंद्र प्रसाद की मनायी गई 140 वीं जयंती, दी गई श्रद्धांजलि

**दुमका।**



देशरत्न डा. राजेंद्र प्रसाद मेमोरियल ट्रस्ट ने दुमका शहर के बांधपाड़ा स्थित स्मारक स्थल पर मंगलवार को देश के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद की 140 वीं जयंती मनाई गई। शहर के गणमान्य लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। इस मौके पर सुभाष हेंब्रम ने कहा कि देश आज भी उन्हें संविधान निर्माता के रूप में याद करता है।

डा.राजकुमार उपाध्याय ने कहा कि एक लंबी कानूनी लड़ाई लड़ने के बाद मेमोरियल ट्रस्ट ने जीत दर्ज करने में सफलता पायी है। हाई कोर्ट ने कांग्रेस के दायर मामला को खारिज कर दिया। ट्रस्ट के सचिव अरविंद वर्मा ने कहा कि यह जीत राजेंद्र बाबू के सपनों की जीत है। अब सब लोगों के सहयोग और प्रयास से डा. राजेंद्र बाबू के सपनों को पूरा किया जायेगा।

इस जमीन पर शैक्षणिक संस्थान और और गरीब परिवार के बच्चों को शिक्षा देने की व्यवस्था करने की दिशा में प्रयास किया जायेगा।इस मौके पर पुष्पांजलि देते हुए सुमंगल ओझा ने कहा कि इस भूखंड पर ट्रस्ट की जीत इस क्षेत्र के राजेंद्र बाबू के शुभचिंतकों की जीत है,उनके सपनों की जीत है और ट्रस्ट के लोगों के अथक प्रयास की जीत है। इस मौके पर शैलेंद्र सिन्हा, डा.मनोज घोष,संतोष वर्मा, शिव कुमार गुप्ता,सुरेश कुमार दास,सतीश वर्मा, जॉन मुर्मू, देवत्तर मल्लाह, शेख कालुमुद्दीन, गौर चंद्र भंडारी, जियाउर रहमान, सिमन मुर्मू,शिवा नंद मिश्रा, विशाल,खुशी और प्रियंका सहित बड़ी श्री में लोगों ने अपनी भागीदारी दी।

# देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की मनायी गई जयंती

**दुमका।**



अभाकाम दुमका के जिलाध्यक्ष दयानंद श्रीवास्तव की अध्यक्षता में दिन मंगलवार को सिन्हा मेडिकल के आवासीय प्रशाल में भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयन्ती मनाई गई।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सहित उपस्थित लोगों ने देशरत्न की तश्वीर पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में जिलाध्यक्ष ने डॉ. प्रसाद को बचपन से ही मेधावी और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के युग पुरुष की संज्ञा देते हुए उनकी सादगी और सच्चाई के अद्वितीय उदाहरण से लोगों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद ईमानदार सत्यप्रतिज्ञ और कर्तव्यनिष्ठ इंसान थे, जिन्होंने भारत की तत्कालीन दशा और दिशा से प्रभावित होकर अपना सम्पूर्ण जीवन भारतीयों की सेवा में अर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि हम सभी को उनके गुणों को आत्मसात करने की आवशयकता है।

मौके पर दयानंद श्रीवास्तव, सत्येन्द्र नारायण प्रसाद, भवानी शंकर प्रसाद, निशिकांत बरियार, शोभा वर्मा, डॉ. मनोज कुमार घोष, रमण वर्मा, गीता सिन्हा, ऋचा यामिनी एवं कई चित्रांश उपस्थित हुए।

# भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी कार्यकर्ताओं ने नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद का मनाया 38वां जन्मदिवस

**संवाददाता।**



मधुपुर कोर्ट मोड़ स्तिथ अम्बेडकर चौक पर भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता ने मनाया राष्ट्रीय अध्यक्ष सह नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद का 38 वा जन्मदिवस पार्टी नेताओं ने सर्वप्रथम बाबा साहब डा भीम राव अम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुवे पुष्प अर्पित किया। उसके बाद केक काटकर चंद्रशेखर आजाद जी का जन्मदिवस मनाया वहीं जिला अध्यक्ष कमलेश कुमार दास सहित प्रदेश संगठन प्रभारी ने समस्त देशवासियों को बधाई दिया मौके पर प्रदेश प्रभारी राजेश कुमार दास भीम आर्मी जिला अध्यक्ष कमलेश कुमार दास जिला सचिव क्रांतिकारी कृष्णा कुमार,उमेश कुमार जिला सलाहकार, दिलीप कुमार दास उपाध्यक्ष, विनोद कुमार सोशल मीडिया प्रभारी, मधुपुर प्रखंड अध्यक्ष विजय कुमार मेहरा , रंजय कुमार दास महासचिव, नितेश कुमार कोषाध्यक्ष,अभय कुमार मीडिया प्रभारी, करों प्रखंड अध्यक्ष पलटन कुमार दास ,संदीप कुमार रावण,संदीप कुमार, पंचायत अध्यक्ष विष्णु मेहरा, दिलीप कुमार दास सारठ प्रखंड उपाध्यक्ष,भुनेश्वर दास पंचायत अध्यक्ष,बिट्टू कुमार,सिकंदर दास,अजय कुमार दास पंचायत अध्यक्ष उपेंद्र दास समेत सैकड़ों के संख्या मे भिम आर्मी आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता कार्यकर्ता मौजूद थे।

# देशरत्न डा.राजेंद्र प्रसाद व शहीद खुदीराम बोस की मनायी गई जयंती





**दुमका।** दुमका के बांधपड़ा दुमका स्थित जिला कार्यालय में इंसाफ पार्टी की ओर से देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डा.राजेंद्र प्रसाद व शहीद खुदी राम बोस जयंती के साथ साथ अधिवक्ता दिवस मनाया।

कार्यक्रम के पूर्व पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो.शेख कलीमुद्दीन की अगुवाई में एक रैली भी निकाली गई। पार्टी की यह रैली शहर के पोखरा चौक, इंडोर स्टेडियम, कचहरी परिसर, वीर कुंवर सिंह चौक, टीन बाजार चौक होते हुए पुनः जिला कार्यालय पहुंच कर समाप्त हो गई। रैली में पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपने अपने हाथों में पार्टी व राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर डा.राजेंद्र प्रसाद और शहीद खदीराम बोस अमर रहे का नारा लगाते रहे।

इस अवसर पर प्रो.शेख कलीमुद्दीन ने कहा कि डा.राजेंद्र की अगुवाई में भारत का संविधान बना जो हमारे लिए आपने अधिकार के साथ जीने का अधिकार देता है। देश की आजादी में शहीद खुदीराम बोस के त्याग और बलिदान को देश सदैव याद रखेगा। साथ ही अधिवक्ता दिवस पर लोगों को शुभकामनाएं दी गई।

# गोचर जमीन पर नहीं होगा निर्माण कार्यः अंचलाधिकारी

**देवीपुर।** देवीपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत हुसैनाबाद स्थित दुर्गा मंदिर सौंदर्यीकरण कार्य में वहां स्थित गोचर जमीन पर निर्माण कार्य कराना चाह रहा था। जिसे लेकर ग्रामीण ने अंचलाधिकारी देवीपुर को आवेदन देकर जांच कर रोक लगाने की मांग किया था। जिसके बाद अंचलाधिकारी खोपलाल राम ने हल्का कर्मचारी सह अंचल निरीक्षक अमरनाथ अमर से जांच कराया तो किए गए शिकायत और गोचर जमीन होने की बात सही निकला। इसके बाद अंचलाधिकारी खोपलाल राम ने कहा है कि गोचर जमीन पर किसी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं होगा। अन्यथा उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य कराने वालों को चैतावनी देकर कार्रवाई किया जाएगा।

# जामताड़ा डीलर एसोसिएशन ने नेटवर्क की समस्या को लेकर जिला आपूर्ति पदाधिकारी को दिया ज्ञापन

**संवाददाता।**



**संवाददाता/जामताड़ा** । जामताड़ा जिला फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन शाखा जामताड़ा द्वारा जिला अध्यक्ष मोहन प्रसाद भैया के नेतृत्व में कंबाइंड बिल्डिंग के नजदीक शिशु बागान में बैठक हुई। जिसमें प्रमुख मांग के लिए प्रस्ताव पारित किया गया एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी को ज्ञापन दिया गया । जिसमें पोस मशीन को 4ऋकरते हुए नेटवर्क सर्वर दुरुस्त कराया जाए।, पोस मशीन में आधार सुधार का ऑप्शन दिया जाए चुकी अनेक लाभुक का आधार यत्र तत्र डाला हुआ है इससे ईकेवाईसी में आसुविधा हो रही है।, वृद्ध दिव्यांग एवं बच्चों का अंगूठा नहीं ले रहा है जिससे ई केवाईसी में समस्या का सामना करना पड़ता है।, ग्रीन कार्ड का खाद्यान्न चना दाल नमक का कमीशन का भुगतान अभिलंब करने की कृपा की जाए।, ई केवाईसी करने के लिए में प्रति लाभुक सदस्य 10 मेहताना दिया जाए।, कोरोना कल में वापस लिए गए खाली जुट बोरा का भुगतान का बार-बार पत्राचार एवं अनुरोध करने के बावजूद अभी तक भुगतान नहीं किया गया है इसका अविलंब भुगतान करने की कृपा की जाए । बैठक में जिला अध्यक्ष मोहन प्रसाद भैया ,मीडिया प्रभारी देव कुमार साव,उपाध्यक्ष शिरोमणि यादव ,सचिव अनिल कुमार गुप्ता ,महावीर मोदी, सुनील सिंह, राजेश बावरी, मधुसूदन मंडल, शांति घोष ,रघु मंडल ,असगर अंसारी, रवींद्रनाथ मंडल, शंभू राय , तेजाहुल अंसारी ,विनय भगत ,अनिल साब ,ललित पंडित, कार्तिक दत्ता, महेंद्र यादव, कृष्णा मुर्मू, पांडव यादव ,युसूफ अंसारी ,बाबू मणि सिंह, बीरबल मंडल आदि अनेक डीलर उपस्थित थे।

# परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 पर एक दिवसीय ओरियंटेशन का आयोजन डीएवी पब्लिक स्कूल भंडारकोला, में किया गया

**संवाददाता।**






डीएवी पब्लिक स्कूल देवघर के सभागार में दिल्ली हैडक्वटर से आए सीबीएसई परख के रिप्रेजेंटेटिव गोविंद तिवारी की मौजूदगी में फील्ड इन्वेस्टिगेटर तथा आब्जर्वर के बीच एक ओरिएंटेशन सेशन का आयोजन किया गया ।4 दिसंबर को पूरे भारत में एक साथ परख परीक्षा का आयोजन एनसीईआरटी के द्वारा किया जा रहा है। प्रत्येक स्कूल के लिए एक फील्ड इन्वेस्टिगेटर तथा एक ऑब्जर्वर को टैग किया गया है।देवघर के सरकारी विद्यालयों के साथ साथ रामकृष्ण मिशन, रामकृष्ण विवेकानंद, संत फ्रांसिस स्कूल देवघर, संत फ्रांसिस जसीडीह डीएवी सातर, सनराईज द्वारिका, संत जेवियर्स, एसकेपी आदि विद्यालयों में भी परीक्षा आयोजित की जाएगी। डीएवी पब्लिक स्कूल के एस एन झा ने आब्जर्वर के कार्यों को अच्छे से बताया तथा उनसे अपेक्षा की जाती है कि वह अपने दायित्वों का सही से निर्वाहन करेंगे। DLMT परख मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद यानी एनसीईआरटी के राष्ट्रीय परख सर्वेक्षण 2024 का आयोजन 4 दिसंबर को होगा. जिसे इस बार परख नाम दिया गया है. सर्वेक्षण का उद्देश्य बच्चों के समग्र शैक्षणिक प्रदर्शन का मूल्यांकन करना और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत छात्रों के मूल्यांकन से संबंधित मापदंड स्थापित करना है. इस बार सर्वेक्षण कक्षा 3, 6 और 9 के छात्रों पर केंद्रित होगा. जो उनकी पिछली कक्षाओं में अर्जित दक्षताओं पर आधारित होगा. परीक्षा में प्रश्न ओएमआर शीट के माध्यम से बहुविकल्पीय प्रारूप में बच्चों को मिलेंगे. यह सर्वेक्षण न केवल बच्चों की दक्षता का आकलन करेगा, बल्कि राज्यों की शैक्षणिक रैंकिंग में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा.नई शिक्षा नीति में सतत मूल्यांकन की बात कही गई है, परख का उद्देश्य भारत की शैक्षिक प्रगति का गहन विश्लेषण प्रदान करना है। परख मूलभूत चरण, प्रारंभिक चरण तथा मध्य चरण में बच्चों के शैक्षिक विकास का अवलोकन करता है। । यह एक राष्ट्रीय मूल्यांकन सर्वेक्षण है जो भारत सरकार द्वारा छात्रों के शिक्षा स्तर और ज्ञान की गुणवत्ता को मापने के लिए आयोजित की जाती है। मास्टर ट्रेनर किरण कुमारी ने कहा कि इस सर्वेक्षण का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यार्थियों की समझ और विभिन्न क्षेत्रों जैसे कि गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और भाषा में उनकी दक्षता को जानना होता है। इस सर्वेक्षण से प्राप्त डेटा का उपयोग राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा नीतियों में सुधार करने और शिक्षण प्रक्रियाओं में आवशयक बदलाव लाने के लिए किया जाता है। । गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य को इस परीक्षा का जिला सीबीएसई कोऑर्डिनेटर बनाया गया है ' इस ओरिएंटेशन प्रोग्राम में रणधीर कुमार राय कुमार मणि शंकर दिलीप कुमार सिंह सहित लगभग 300 प्रतिभागी थे।

## न्यूज़ अपडेट

### मधुपुर सीओ ने अपने सभी राजस्व कर्मचारीयों के साथ अंचल कार्यालय में साप्ताहिक समीक्षा बैठक की



**मधुपुर ।** मधुपुर अंचल अधिकारी यामुन रविदास ने अपने कार्यालय कक्ष में राजस्व संबंधित कार्यों को लेकर अपने सभी राजस्व कर्मचारियों के साथ सप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक कर राजस्व संबंधित कार्यों को अभिलंब करने का निर्देश दिया! अंचलाधिकारी यामुन रविदास ने बताया कि आज की बैठक में सभी राजस्व कर्मचारियों को उत्तराधिकारी खारिज दाखिल, बटवारा दाखिल खारिज, सरकारी जमीन को मोबाइल एप से मैपिंग, भूमिका सीमांकन करना, सरकारी जमीन का अतिक्रमण से संबंधित सरकार को दिए गए भूमि दाखिल खारिज, इत्यादि कार्यों से संबंधित कार्यो करने के साथ साथ राजस्व की वसूली में बढ़ोतरी में तेजी लाने का निर्देश दिया गया है! बैठक में अंचल निरीक्षक निरंजन रजक, राजस्व कर्मचारी संजय कुमार मिश्रा, भोलानाथ मरीक, अग्नेश टुडू, दामोदर दास, सुरेंद्र कुमार वर्मा अंचल अमीन आदि अंचल के कर्मी उपस्थित थे।

### सड़क निर्माण में निजी जमीन अतिक्रमण को लेकर अंचलाधिकारी को आवेदन

**देवीपुर।** देवीपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कपसिया मोड़ से कपसिया गांव तक सड़क निर्माण में निजी जमीन अतिक्रमण को लेकर देवीपुर अंचलाधिकारी को रैयतों ने आवेदन देकर मापी कराने का मांग किया है। सरदाहा निवासी बासुदेव सिंह, सुधीर सिंह, नूनेश्वर सिंह, रामेश्वर मारक, उत्पल सिंह, उदय सिंह, संजय सिंह, हरिकिशोर सिंह, मनोज सिंह आदि के संयुक्त हस्ताक्षर युक्त आवेदन अंचलाधिकारी के कार्यालय में दिया है और जमीन मापी कराने का आग्रह किया है। ताकि रैयतों का जमीन सड़क निर्माण में अतिक्रमण नहीं हो।

### नवनिर्वाचित विधायक हेमलाल मुर्मू ने गोपीकांदर के दो दर्जन गांवों का दौरा कर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

- **ग्रामीणों की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए विधायक ने बैठक कर संबंधित को दिए समस्याओं का समाधान करने का निर्देश**

**गोपीकांदर(दुमका)।** लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू ने मंगलवार को गोपीकांदर प्रखंड क्षेत्र के दो दर्जन से ज्यादा गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। लिट्टीपाड़ा सीट से विधायक बनने के बाद हेमलाल मुर्मू का गोपीकांदर प्रखंड में यह पहला दौरा था। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष संतोष मरांडी और झामुमो महिला नेत्री पोलिना मुर्मू के नेतृत्व में कार्यकताओं के द्वारा गुम्मामोड़ में विधायक हेमलाल मुर्मू का जोरदार स्वागत किया गया। विधायक हेमलाल मुर्मू ने गुम्मामोड़ स्थित सिद्धू-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपना दौरा शुरू किया। विधायक दुर्गापुर, लखीबाद, पिनरगढ़िया , खरौनी बाजार होते हुए गोपीकांदर प्रखंड कार्यालय पहुंचे, जहां बीडीओ विजय प्रकाश मरांडी और प्रखंड कर्मियों के द्वारा संथाली रीति-रिवाज के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने पानी, सड़क, अनाज वितरण तथा स्वास्थ्या सहित दर्जनों समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। विधायक ने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय में पहुंचकर प्रखंड के तमाम पदाधिकारियों के साथ एक समीक्षात्मक बैठक की। ग्रामीणों ने विधायक को प्राथमिक स्वास्थ केंद्र कारूडीह एवं रंगा मिशन में डॉक्टर नहीं बैठने की शिकायत की इस संबंध में विधायक ने सिविल सर्जन से मोबाइल फोन से बात करते हुए दो दिन के अंदर डॉक्टर उपलब्ध कराने का निर्देश दियो वहीं प्रखंड अंतर्गत 12 उप स्वास्थ्य केन्द्र में नर्स उपलब्ध कराने का निर्देश दियो सिविल सर्जन से ममता वाहन एवं 108 वाहन देने का निर्देश दियो पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षा करते हुए विधायक ने कहा कि बंद पड़े सभी चापाकल को ठीक कराएं ।

### आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आगामी 07 दिसंबर से 10 दिसंबर तक सभी प्रखंडों में होगा विशेष कैंप का आयोजन




**साहिबगंज ।** साहिबगंज जिले में दिनांक 07 दिसंबर 2024 से 10 दिसंबर 2024 तक सभी प्रखंडों में युद्ध स्तर पर आयुष्मान भारत कार्ड बनाने के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य पात्र नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करना और आयुष्मान भारत योजना के तहत अधिक से अधिक लोगों को कवर करना है।

» कौन से कार्डधारी बनवा सकते हैं आयुष्मान कार्ड

इस विशेष कैंप में लाल कार्ड, पीला कार्ड, हरा कार्ड और 70 वर्ष से अधिक आयु के वृद्ध नागरिक अपना आयुष्मान भारत कार्ड बनवा सकते हैं। कार्ड बनवाने के लिए लाल, पीला और हरा कार्ड धारकों को अपना आधार कार्ड और राशन कार्ड साथ लाना अनिवार्य है। 70+ वर्ष के वृद्ध नागरिकों को केवल आधार कार्ड लाना होगा।

यह अभियान सभी पात्र नागरिकों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के लिए आयुष्मान भारत योजना से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं का मुफ्त लाभ मिलेगा, जिससे गंभीर बीमारियों का इलाज भी बिना आर्थिक बोझ के किया जा सकेगा। जिला प्रशासन ने सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे इस विशेष अवसर का लाभ उठाएं और अपने नजदीकी कैंप में जाकर अपना आयुष्मान भारत कार्ड अवश्य बनवाएं। यह योजना आपके और आपके परिवार के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए एक बड़ा सहारा बन सकती है। सभी प्रखंडों में यह कैंप 07 दिसंबर 2024 से 10 दिसंबर 2024 तक आयोजित किया जाएगा। आयुष्मान भारत योजना से जुड़ें और अपने परिवार को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करें।

न्यूज़ अपडेट

## चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और सफलता पूर्वक संपन्न होने पर

- बीडीओ, सीओ, इंस्पेक्टर सहित थाना प्रभारी हुए सम्मानित
- डीसी से प्रशस्ति पत्र पाए इंस्पेक्टर अनिल कुमार



**बड़कागाँव।** चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और सफलता पूर्वक संपन्न होने पर डीसी एवं एसपी के द्वारा बड़कागाँव अंचलाधिकारी मनोज कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, इंस्पेक्टर अनिल कुमार सहित अन्य लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उपायुक्त नैंसी सहाय और पुलिस अधीक्षक एसपी अरविंद कुमार सिंह ने व्यक्तिगत रूप से सभी पदाधिकारीयों को सम्मान प्रदान किया।इस आयोजन से प्रखंड प्रशासनिक पदाधिकारीयों के सामूहिक प्रयासों और सफलता को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया, जो प्रशासन और समाज के सभी वर्गों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है।

## दिव्यांग को बीडीओ सौंपा ट्राई-साइकिल, चेहरा खिल उठा



**श्रम बरही।** बरही बीडीओ जयपाल महतो ने मंगलवार को बाल विकास मद से स्वीकृत बेंदगी ग्राम निवासी दिव्यांग युवक अमित कुमार (पिता रामचन्द्र प्रसाद) को ट्राई-साइकिल दिया। बीडीओ सह सीडीपीओ ने उपस्थित जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय कुमार यादव आदि अतिथियों के साथ मिलकर उक्त दिव्यांग युवक के बीच ट्राइसकिल वितरण किया। मौके पर ट्राई-साइकिल पाकर दिव्यांग युवक अमित कुमार का चेहरा खुशी से खिल उठा। वहीं बीडीओ सह सीडीपीओ जयपाल महतो एवं उपस्थित अतिथियों को साधुवाद दिया। बीडीओ सह सीडीपीओ ने बताया कि पात्रता रखने वाले अन्य दिव्यांग को भी इस प्रकार का लाभ दिया जायेगा। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि दिव्यांग को ट्राई-साइकिल मिलना काफी उनके जीवन में मददगार साबित होगा। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय कुमार यादव, मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, सीडीपीओ कार्यलय कर्मी मनोज कुमार एवं सुपरवाइजर आदि मौजूद थे।

## मुखिया के हाथों मध्य विद्यालय बरसोत के 48 छात्र-छात्राओं को मिला साइकिल




**श्रम बिंदु बरही।** बरही। राज्य सरकार द्वारा प्रदत साइकिल का वितरण मध्य विद्यालय बरसोत के प्रांगण में छात्र छात्राओं के बीच किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से स्थानीय मुखिया मोतीलाल चौधरी उपस्थित हुए,उनके हाथों आठवीं वर्ग के छात्र-छात्राओं के बीच कुल 48 साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार कुशवाहा के साथ प्रदीप कुशवाहा भी उपस्थित थे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक शशि भूषण ने छात्र-छात्राओं को साइकिल के संबंध में रख रखाव और उसका उपयोग करने के संबंध में बताया। उन्होंने बताया कि 24 छात्रों को एवं 24 छात्राओं को साइकिल वितरित गया है। मौके पर चंदेश्वर भगत, अमरनाथ प्रधान, जगदीश प्रसाद, दिवाकर मिश्र, मुनमुन शर्मा, बृजेंद्र रविदास, जानकी रविदास, आशा लता, सुशीला कुमारी, महादेव महतो सहित सभी शिक्षक शामिल रहे।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय पडिरमा में हुआ साइकिल का वितरण

- साइकिल चलाने से शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य लाभ : हरेंद्र गोप



**श्रम बिंदु बरही ।** बरही के बसरिया पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पडिरमा में 28 स्कूली बच्चों के बीच साइकिल का वितरण किया गया। वितरण मुख्य अतिथि मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप ने उपस्थित अन्य अतिथियों व एसएमसी सदस्यों के साथ किया। बच्चे साइकिल पाकर काफी हर्षित दिखे। हरेंद्र गोप ने बच्चों को साफ सुथरा ड्रेस पहन कर एवं प्राप्त साईकिल से नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। वहीं कहा कि साइकिल चलाने से शारीरिक व मानसिक विकास होता है।मौके पर स्कूल के प्रभारी एचएम दशरथ कुमार, पंसस प्रतिनिधि कामेश्वर रविदास, उप मुखिया प्रतिनिधि विनोद यादव, वार्ड सदस्य मिनेश शर्मा व विद्यालय प्रबंधन समिति एवं शिक्षकगण आदि शामिल रहे।

# अदाणी एंटरप्राइजेज को तीन प्रतिष्ठित भारतीय सीएसआर पुरस्कारों से किया गया सम्मानित

### स्वास्थ्य सेवा, महिला सशक्तिकरण और सतत ऊर्जा की पहल के लिए मिला सम्मान

**बड़कागांव ।**

अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड को 2024 संस्करण में तीन प्रतिष्ठित भारतीय सीएसआर पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। ये सम्मान स्वास्थ्य सेवा, महिला सशक्तिकरण और सतत ऊर्जा के क्षेत्रों में समाज के प्रति कंपनी के प्रतिबद्ध योगदान के लिए दिए गए हैं।

भारतीय सीएसआर पुरस्कार, इंडिया सीएसआर नेटवर्क द्वारा प्रस्तुत किए जाते हैं, जो नवाचार, स्थिरता, विस्तार और पुनरुत्पादन में उत्कृष्ट कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहलों को मान्यता देते हैं। अदाणी एंटरप्राइजेज को दिल्ली में आयोजित एक समारोह में तीन पुरस्कार प्राप्त हुए। कंपनी को स्वास्थ्य सेवा, महिला सशक्तिकरण और सौर ऊर्जा के




क्षेत्रों में समुदायों, व्यक्तियों और पर्यावरण को लाभ पहुंचाने वाली तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए मान्यता मिली।

गोंदुलपारा में टीबी पोषण अभियान जैसी पहल के माध्यम से अदाणी एंटरप्राइजेज समुदाय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जो तपेदिक से प्रभावित लोगों की मदद करता है। एक मोबाइल मेडिकल यूनिट भी दूरदराज के क्षेत्रों में आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करती है, जिससे पहुंच में सुधार होता है। परियोजना ₹ममता₹ माताओं और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए संसाधन और शिक्षा प्रदान करती है।

अदाणी फाउंडेशन द्वारा समर्थित महिला सहकारी संस्था, छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में एमयूबीएसएस, कौशल विकास और उद्यमिता प्रशिक्षण के माध्यम से आदिवासी महिलाओं को सशक्त बनाती है, जिससे उनके समुदायों में आत्मनिर्भरता और सकारात्मक बदलाव को बढ़ावा मिलता है।

अदाणी एंटरप्राइजेज ने मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले के दूरदराज के बसी बरधा गाँव में सौर ऊर्जा से चलने वाली लाइटिंग स्थापित की, ताकि बिजली से वंचित स्थानीय लोगों को अभिनव प्रकाश समाधान प्रदान किया जा सके।

अदाणी एंटरप्राइजेज की सीएसआर टीम के प्रवक्ता ने इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा, ₹यह पुरस्कार लोगों और समुदायों के जीवन में ठोस बदलाव लाने के हमारे अथक प्रयासों का प्रमाण हैं। हम एक सकारात्मक और टिकाऊ भविष्य बनाने की दिशा में प्रयास करना जारी रखेंगे। अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड अपने सामाजिक उत्तरदायित्व लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध है और ऐसे अभिनव कार्यक्रमों को लागू करना जारी रखेगा जिनका समाज पर स्थायी प्रभाव हो।

पुरस्कार वितरण समारोह दिल्ली में हुआ, जहां सम्मान प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा प्रदान किए गए। इसमें केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री रामनाथ अठावले और पुरी से संसद सदस्य संबित पात्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। आयोजक ब्रांड होन्चोज़ के नेतृत्व और श्री अरुण मिश्रा ने पुरस्कार प्रदान किए।

# उदय साहू के हत्यारे को अभिलंब गिरफ्तारी हो नंदलाल साहू

**बड़कागांव ।**

राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के हजारीबाग जिला अध्यक्ष नंदलाल साहू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पूर्व मुखिया सह वर्तमान में प्रमुख प्रतिनिधि उदय साहू की हत्या की कड़ी निंदा की है। नंदलाल साहू ने कहा है कि उदय साहू एक सामाजिक कार्यकर्ता थे हजारीबाग जिला के साहू समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत व्यक्ति थे। ऐसे व्यक्ति को खुलेआम गोली मारकर हत्या कर देना समझ से परे है।मैं जिला प्रशासन से मांग



करता हूं कि अपराधियों को 5 तारीख तक अभिलंब गिरफ्तार करें ,अन्यथा 6 तारीख को राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन हजारीबाग समाहरणालय के समक्ष धरना देने पर विवश होगी।

राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन के प्रदेश मंत्री श्री कुंज बिहारी साहू ने कहा इस हत्याकांड में धन बल और माफियाओं का गंध आता है, जो ओबीसी समाज के बढ़ते जनाधार से व्याकुल होकर वैसे लोगों को हत्या किया जा रहा है।लगातार हजारीबाग में तीन हत्याएं हुई है जिसमें रामनवमी पूजा समिति के पूर्व अध्यक्ष मंजीत यादव, विस्थापित का आवाज बनें चेपा कलां बड़का गांव निवासी प्रकाश ठाकुर की हत्या घर में घुसकर किया गया।और अब उदय साहू का बीच शहर में हत्या होना यह ओबीसी समाज पर सुनियोजित हत्या है। हत्या को लेकर समाज चुप बैठने वाला नहीं है।

राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन के हजारीबाग जिला प्रभारी रामविलास साव ने कहा हजारीबाग जिला प्रशासन मृतक परिवार को सरकारी नौकरी तथा 50( पचास) लाख रुपये मुआवजे राशि का भुगतान करे।अन्यथा राष्ट्रीय तेली साहू समाज एवं वैश्य समाज सहित पूरे ओबीसी समाज सड़क पर उतरने को मजबूर हो होगा।

## हाथियों ने सोमवार की रात पानीमाको में लगभग एक हजार बोझा धान को खाया और नष्ट किया



**टाटीझरिया(हजारीबाग)।** सोमवार रात लगभग 23 जंगली हाथियों के झुंड ने धरमपुर पंचायत के पानिमाको में खलिहान में रखे धान बोझा को जंगली हाथी खा गए। वहीं जो खाने के बाद बचा उसे रौंदकर बर्बाद कर दिया। हाथियों के गांव आने से ग्रामीण रातभर दहशत में रहे। भुक्तभोगी ने वन विभाग से नुकसान के एवज में मुआवजा भुगतान की मांग की है। पानिमाको निवासी बाबुलाल माँझी, शिकारी मांझी, सोमर टुडु ने बताया कि सोमवार रात सात बजे 23 की संख्या में जंगली हाथी गांव पहुंचे। गांव आने के बाद खलिहान में रखे हम तीनों किसानों का खलिहान में रखे चार-चार सौ धान के बोझा को जंगली हाथी सफाचट कर गए। भुक्तभोगी ने बताया कि जंगली हाथियों ने काफी नुकसान पहुंचाया। इस दौरान पूर्वी वन क्षेत्र के संजित कुमार रविदास ने अपनी टीम के साथ मिलकर हाथियों के झुंड को एक बजे रात पहाडपुर के बाहर कर दिया। मालूम हो कि थाना क्षेत्र में पिछले कई दिनों से जंगली हाथियों का आतंक जारी है। हाथियों के उत्पात से क्षेत्र के किसानों का कमर टूट गया है। भुक्तभोगियों ने हाथियों द्वारा हुए नुकसान को लेकर मुआवजे की मांग की है।

## कांग्रेस नेता अरुण साहू ने उदय साव की हत्या पर जताया गहरा शोक, दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग

**श्रम बिंदु बरही।**

सोमवार रात करीब 9 बजे हजारीबाग के व्यस्त पुलिस लाइन क्षेत्र के पीछे एक भयावह घटना घटी। कटकमदाग प्रखंड के पूर्व मुखिया उदय साव की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। अपराधी घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। इस हृदयविदारक घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है और स्थानीय लोगों में भय और आक्रोश का माहौल है। बरही विधानसभा के कांग्रेस नेता अरुण साहू ने इस निर्मम हत्या पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने इसे समाज के लिए एक कलंकपूर्ण घटना करार दिया। अरुण साहू



ने हजारीबाग पुलिस प्रशासन से अपराधियों की जल्द से जल्द पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने की अपील की। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं से समाज का ताना-बाना कमजोर होता है। प्रशासन को सतर्कता बरतनी होगी और अपराधियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी ताकि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। कांग्रेस नेता ने उदय साव के परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि इस दुखद घड़ी में हम सब साव परिवार के साथ हैं। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वह दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय में धैर्य और साहस प्रदान करें।

## विश्व अंतर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस का आयोजन संपन्न

**कोडरमा ।** विश्व अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस के अवसर पर कोडरमा फ्रांसिसकन क्लारिस्ट सिस्टर सोसाइटी एवम् जन विकास समिति वाराणसी द्वारा होली फैमिली हॉस्पिटल के प्रांगण में संपन्न हुआ। इस समारोह के मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव गौतम कुमार उपस्थित हुए उन्होंने बतलाया कि हर संभव कानूनी रूप से दिव्यांग जनों को सहायता पहुंचाने का कार्य हमारी ओर से किया जाएगा । उसके साथ जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक कुमारी तिर्की, बाल संरक्षण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी अर्चना ज्वाला जी, दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग की ओर से असिस्टेंट डायरेक्टर नीतीश जी मुख्य रूप से उपस्थित होकर अपने संबोधन में उन्होंने बतलाया कि दिव्यांगजन हमारे समाज के एक अभिन्न अंग है जिन्हें हर संभव उत्साह बढ़ाने की आवश्यकता है और उसे आत्मनिर्भर बनाने की जरूरत है डॉ एके पांडे के द्वारा दिव्यांग होने के कारण पर प्रकाश डालने का कार्य किया उपस्थित अभिभावक को यह बतलाने का कार्य किया गया कि की अधिक दिव्यांग बच्चों को सही समय पर सही उपचार सहयोग कारण के साथ किया जाए तो उसमें काफी सुधार हो सकती है संस्था की ओर से 50 दिव्यांग बच्चों को भी मेडिसिन किट, दो व्हील चेयर, चार ट्वीन डिवाइस, तीन व्हील शेयर ,एक सीपी चेयर, दो वॉकर, दो स्पेशल चेयर ,एक स्टैंडिंग फ्रेम का वितरण किया गया । जिससे दिव्यांगजन के शारीरिक विकास के साथ सामाजिक विकास सुनिश्चित हो सके। इस कार्यक्रम में जिले से 350 दिव्यांग लोगों ने भाग लिया । और एक से एक बढ़कर दिव्यांग बच्चों के द्वारा नृत्य एवं संगीत नाटक का प्रस्तुति प्रदर्शन कर अपनी शक्ति का लोहा मनवाने का कार्य किया गया जहां प्रियांशी कुमारी, अफसाना कुमारी एवं उनके ग्रुप के द्वारा आज के जमाने में सोशल मीडिया पर बहुत ही महत्वपूर्ण नाटक प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथिगण एवं अभिभावक को अपने प्रति समवेंद्रशील एवं आकर्षित करने का कार्य किया।मंच का संचालन सेवा सदन होली फैमिली हॉस्पिटल कोडरमा के वरिष्ठ कार्यकर्ता रामानंद सिंह के द्वारा किया गया। वहीं धन्यवाद ज्ञानपन संस्था संयोजिका सिस्टर लीला जोस के द्वारा किया गया।

# दारू प्रखंड के बीडीओ और थाना प्रभारी को किया गया सम्मानित

**श्रम बिंदु संवाददाता दारू।**

रामनवमी, लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक ने दारू प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी हारून रशीद और दारू थाना प्रभारी सफीक खान को किया सम्मानित। हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने बतलाई की 1 वर्ष में तीन महापर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया गया। और यह काफी गर्व की बात है। इस महापर्व में हर एक अधिकारी




और पदाधिकारी ने अपना सहयोग दिया। दारू प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी हारून रशीद ने बतलाया कि जब मुझे उपायुक्त नैंसी सहाय और पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह के द्वारा सम्मानित किया जा रहा था। तो मुझे गर्व महसूस हो रहा था कि मैं अपने कामों को बेखूबी अच्छे से निभाया और आने वाले टाइम में भी अपने कामों के प्रति हम सजक होकर काम करेंगे। और दारू थाना प्रभारी ने बतलाया कि जब मुझे सम्मानित किया जा रहा था। तब मुझे खुशी महसूस हो रहा था और एक वर्ष में तीन महापर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया गया। यह भी एक गर्व की बात है।और आगे जितने भी दायित्व मुझे दिया जाएगा। उस कामों को में शांतिपूर्ण तरीके से करूंगा।

# प्रकाश ठाकुर हत्याकांड में उमेश साव को पुलिस ने जेल भेजा

**बड़कागांव।**

बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत चेपाकला निवासी प्रकाश ठाकुर की हत्या का खुलासा बड़कागांव पुलिस द्वारा करते हुए एक प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इस संबंध में बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार ने बताया कि चेपाकला निवासी उमेश साव उक्त कांड में पुरानी दुश्मनी के तहत हत्या करने की बात स्वीकार किया है। उमेश के भाई लखन साव पर 2017 में हमला कर जान मारने का प्रयास,त्रिवेणी सैनिक




लंगातू कार्यालय परिसर में 2019 में उमेश एवं सिकंदर साव पर गोली चलाने के साथ-साथ उमेश साव की किसी भी योजना में प्रकाश ठाकुर द्वारा बार-बार बाधक पहुंचाने के कारण हत्या की गई है। एसडीपीओ श्री कुमार ने आगे बताया कि उक्त कांड में नामजद अन्य अभियुक्तों के अलावा कई अन्य बिंदुओं पर भी जांच पड़ताल जारी है। बहुत जल्द ही उक्त कांड में शामिल लोगों को गिरफ्तार किया जाएगा। इस कांड में बड़कागांव पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार, डाडीकला सहायक थाना प्रभारी पिंटू कुमार सहित कई पुलिस पदाधिकारी अनुसंधान में लगाए गए हैं। ज्ञात हो कि प्रकाश ठाकुर की हत्या 28 नवंबर की रात घर में घुसकर की गई थी। इस संबंध में पत्नी सावित्री देवी के आवेदन पर बड़कागांव थाना कांड संख्या 289/24 धारा 332/ 103 (1),303(2),3(5) बीएनएस 27 आर्म एक्ट के तहत 6 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाते हुए मामला दर्ज करते हुए बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार के नेतृत्व में पुलिस इंस्पेक्टर अनिल कुमार एवं डाडीकला सहायक थाना प्रभारी पिंटू कुमार द्वारा क्षेत्र में सघन छापामारी करते हुए जांच पड़ताल की जा रही है।

न्यूज़ अपडेट

## भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद को दी गई श्रद्धांजलि



/बोकारो। भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर 3 दिसंबर को बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, राजन प्रसाद, अधिशासी निदेशक-प्रभारी (मानव संसाधन), अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन), राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सी आर मिश्रा, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बी बी करुणामय (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने इस्पात भवन के समीपस्थ स्वर्गीय डॉ राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी.

बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने इस मौके पर कहा कि डॉ राजेन्द्र प्रसाद के जीवन से प्रेरणा लेकर हम अपने समाज एवं देश को आगे ले जा सकते हैं.

## आलू ट्रकों पर बंगाल पुलिस का पहरा




**निरसा।** झारखंड बंगाल सीमा स्थित डिबुडीह चेकपोस्ट पर पश्चिम बंगाल पुलिस ने छठे दिन मंगलवार को भी आलू लदे ट्रकों को झारखंड में प्रवेश की अनुमति नहीं दी। पूरे दिन में चेक पोस्ट पर एक-दो आलू लदे ट्रक ही पहुंच रहे हैं। उसे पश्चिम बंगाल पुलिस रोककर वापस गोदाम की ओर लौटा रही है। पुलिस का कहना है कि उन्हें पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा आलू लदे ट्रकों को रोकने का आदेश मिला है। जैसे ही छोड़ने का आदेश मिलेगा ट्रकों को छोड़ दिया जाएगा। चेक पोस्ट पर तैनात पुलिस जवानों के अनुसार एक-दो दिन में स्थिति सामान्य हो जाएगी। हालांकि जबतक सरकार से कोई आदेश नहीं आता है। तबतक आलू ट्रैकों को झारखंड में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसे में आलू के दाम में धीरे-धीरे इजाफा होने लगा है और लोग पश्चिम बंगाल सरकार को कोसने भी लगे हैं।

## बीडीओ ने मनरेगा योजना, अबुआ आवास योजना एवं मईया सम्मान योजना को लेकर बैठक किया



**गोमिया।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को बीडीओ महादेव कुमार महतो ने मनरेगा योजना, अबुआ आवास योजना एवं मईया सम्मान योजना को लेकर मुखिया, पंचायत सेवकों एवं रोजगार सेवकों के साथ बैठक किया। इस दौरान बीडीओ ने कहा कि मनरेगा योजना के तहत प्रखंड में चल रहे पुराने कार्यों को पूर्ण करते हुए उसे बंद कर दिया जाय। वहीं नई योजना पर डिमांड कराना है। अबुआ आवास योजना के तहत मनरेगा जॉब कार्डधारी मजदूरों को काम देना है और जो आवास पूर्ण हो गए हैं, उसका गृह प्रवेश कराया जाना है। इसी प्रकार मईया सम्मान योजना के तहत प्रखंड में 51000 बहनों का रजिस्ट्रेशन किया गया है, जिसमें से 46000 बहनों का इससे लाभ मिल रहा है और बाकी 5000 का किसी कारणवश पेंडिंग है, उसे जरूरी कागजात उपलब्ध करते हुए उसे भी पूर्ण किया जाए। इसी प्रकार प्रखंड में चल रहे अन्य विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए उसे जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीपीओ मनोहर दास, मनरेगा जेई सहित कई मुखिया एवं पंचायत सेवक व रोजगार सेवक उपस्थित थे।

## राजस्व वसूली को लेकर सीओ ने की ग्राम प्रधानों के साथ बैठक




**पाकुड़।।** हिरणपुर अंचल कार्यालय स्थित सभागार में मंगलवार को ग्राम प्रधानों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने की। इस बैठक में ग्राम प्रधानों के साथ राजस्व वसूली को लेकर चर्चा की गई। वहीं वित्तीय वर्ष में प्राप्त लगान(राजस्व) को आगामी 20 दिसंबर तक हर हाल में अंचल कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया गया। सीओ ने कहा कि वित्तीय वर्ष की लगान जमा करने के बाद लगान रसीद निर्गत किया जाएगा। इसके अलावे गैर मजरुआ भूमि का भौतिक सत्यापन करने की बात कही गई। साथ ही गैर मजरुआ भूमि को चिन्हित कर वर्तमान भौतिक स्थिति की जानकारी देने का निर्देश दिए गए। वहीं गौचर भूमि को संरक्षण एवं इसपर किसी भी प्रकार की अतिक्रमण पर रोक लगाने का निर्देश दिए गए। साथ ही धान अधिप्राप्ति को लेकर ग्रामीण स्तर पर किसानों को जागरूक कर लैम्प्स के माध्यम से 3200 प्रति क्विंटल की दर से धान विक्रय के लिए जानकारी दी गई। मौके पर सीआई विकास बास्की, राजस्व उपनिरीक्षक प्रकाश मुर्मू, शंभुशरण दत्ता, ग्राम प्रधान सत्यनारायण मंडल, गोपाल दत्ता, माधव चंद्र शील आदि मौजूद रहे।

# अनुकंपा समिति ने 6 की नियुक्ति के लिए की अनुशंसा

### उच्च न्यायालय के आदेश पर सुनवाई करते हुए उपायुक्त ने लगभग 17 वर्षों से चल रहें एक मामले का किया समापन

**बोकारो।**





समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला अनुकंपा समिति की बैठक हुई। बैठक में कुल 10 मामलों पर सुनवाई की गई। इस क्रम में उन्होंने आवेदक द्वारा किए गए आवेदन, अभिभावक का मृत्यु प्रमाण पत्र, आवेदक की शैक्षणिक योग्यता, जाति आय आवासीय चरित्र प्रमाण पत्र एवं परिवार के सदस्यों की जानकारी उनकी एनओसी एवं संबंधित विभागों में रिक्त पड़े पदों की जानकारी ली। उपायुक्त ने विभागों से अनुकंपा पर नियुक्ति के लिए कुल 10 मामलों पर सुनवाई की और स्थापना उप समाहर्ता को जरूरी दिशा-निर्देश दिया।जिला अनुकंपा समिति के समक्ष जिला विकास शाखा का 1 मामला, अनुमंडल कार्यालय चास 1, पुलिस विभाग का 1 मामला, असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी बोकारो का 2 मामला, राज्य-कर संयुक्त आयुक्त विभाग का 1 मामला, झारखंड सशस्त्र पुलिसबल-4 के 1 मामला, शिक्षा विभाग का 3 मामला प्रस्तुत किया गया था। इसी क्रम में सभी आहर्ता पूर्ण करने और जरूरी दस्तावेजों का सत्यापन कर कुल 5 मामलों पर सुनवाई करते हुए आवेदकों की अनुकंपा पर नियुक्ति के लिए समिति ने अनुशंसा की। उपायुक्त ने इस बाबत स्थापना उप समाहर्ता को जरूरी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। 5 मामलों में असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी बोकारो कार्यालय से संबंधित विकास कुमार एवं अमित कुमार का दो मामला और झारखंड सशस्त्र पुलिस बल-4 बोकारो से संबंधित रविंद्र मांझी का एक मामला, अनुमंडल कार्यालय चास से संबंधित रेखा देवी का एक मामला, राज्य-कर आयुक्त कार्यालय से संबंधित नीरज कुमार का एक मामला शामिल था। वहीं, एक अन्य मामले में उच्च न्यायालय झारखंड रांची के पारित आदेश के आलोक में जिला अनुकंपा समिति में अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति हेतु पुर्नविचार करने के नवीन कुमार, अनुसेवक, जिला विकास शाखा बोकारो के मामले पर सुनवाई करते हुए लगभग 17 वर्षों से चल रहे मामले का समापन किया।

उपायुक्त ने सभी बिंदुओं पर समिति सदस्यों की उपस्थिति में सुनवाई की, संबंधित अभ्यर्थी से मामले की जानकारी ली और सर्व सहमति से समिति ने तृतीय वर्ग के पद पर नियुक्ति का अनुशंसा किया।

मौके पर जिला स्थापना शाखा के कर्मी उपस्थित थे।

## बीएसएल द्वारा दिव्यांगजनों के लिए बैटरी ऑपरेटेड ट्राईसाइकिल का वितरण किया

**बोकारो।**




बीएसएल के सीएसआर विभाग के तत्वावधान में भारतीय कृत्रिम अंग निगम (एलिम्को) के सहयोग से 3 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर आशालता विकलांग विकास केंद्र, बोकारो में दिव्यांगजनों के लिए बैटरी ऑपेरेटेड ट्राईसाइकिल वितरण शिविर का आयोजन किया गया.

वितरण शिविर के अवसर पर बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक-प्रभारी (मानव संसाधन) राजन प्रसाद, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बी बी करुणामय, मुख्य महा प्रबंधक (नगर प्रशासन) कुंदन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) लक्ष्मी दास, आशालता दिव्यांग विकास केंद्र के निदेशक बी एस जयसवाल, एलिम्को के प्रतिनिधि नीतीश कुमार, महाप्रबंधक (सीएसआर) ए एस नंदी, वरीय प्रबंधक (सीएसआर) एन त्रिपाठी तथा बीएसएल एवं आशालता विकास केंद्र के अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि हम सभी को दिव्यांगजनों के उत्थान तथा उनके जीवन को सरल और सहज बनाने और उन्हें समाज के मुख्य धारा में जोड़ने में अपना योगदान करना चाहिए. दिव्यांगजनों के विकास के लिए आशा लता केंद्र द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भी उन्होंने सराहना की. वितरण शिविर के दौरान दिव्यांगजनों को निदेशक प्रभारी एवं अधिशासी निदेशकों द्वारा बैटरी ऑपेरेटेड ट्राईसाइकिल वितरित किए गए.

## 15 दिसम्बर को बीएसएल करेगा हैप्पी स्ट्रीट का शुभारम्भ

**बोकारो।**




विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी बीएसएल के तत्वावधान में हैप्पी स्ट्रीट का आयोजन किया जाएगा. 15 दिसम्बर को सुबह 7 बजे इसका उदघाटन किया जाएगा जिस दौरान बीएसएल के वरीय अधिकारियों सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे. बीएसएल ने इस कार्यक्रम की तैयारी आरंभ कर दी है.

एक्टिव बोकारो, हेल्दी बोकारो के थीम को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से किए जा रहे इस आयोजन में बोकारो के विभिन्न स्कूल, अन्य शिक्षण संस्थान, महिला समिति, संगीत कला अकादमी, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, रोटरी क्लब, लायंस क्लब, रोटरी क्लब ऑफ मिड टाउन कपल्स, पोस्टल फिलाटेली ग्रुप, एक्स सर्विसमैन एसोशिएशन सहित अन्य संस्थाएं इसमें शामिल होंगी. इसके अलावा सभी नगर वासी इस आयोजन में शामिल हो सकते हैं. .

हैप्पी स्ट्रीट का मकसद लोगों को एक स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना है जिसमें सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों के विशेषज्ञ अपने प्रदर्शन से लोगों को स्वस्थ और सुखी जीवन के लिए प्रेरित करेंगे.

इसके लिए हॅप्पी स्ट्रीट में बोकारो मॉल मोड़ से गाँधी चौक तक लेन सुबह 7 बजे से 10 बजे तक आने वाले गाड़ियों के आवागमन के लिए अस्थायी रूप से बंद कर दी जाएगी. हैप्पी स्ट्रीट में बोकारो वासी एक्टिव बोकारो, हेल्दी बोकारो के आहवान के तहत विभिन्न गतिवधियों का लाभ और आनंद उठा सकेंगे. हैप्पी स्ट्रीट कार्यक्रम का समापन सेल दिवस के अवसर पर 24 जनवरी 2025, को किया जायेगा.

# सेल ने अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया

**बोकारो।**



देश की महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने 3 दिसंबर, को नई दिल्ली स्थित अपने कॉर्पोरेट ऑफिस में आयोजित एक कार्यक्रम में विभिन्न वर्गों के दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित करके 'अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस' मनाया। कंपनी ने इस प्रमुख कार्यक्रम का आयोजन अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत आयोजित किया। सेल ने भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) के सहयोग से आयोजित इस पहल के तहत लाभार्थियों की गतिशीलता और संचार को बढ़ाने के लिए ट्राइसाइकिल, मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, स्मार्ट केन, दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए स्मार्टफोन और श्रवण यंत्र जैसे सहायक उपकरण वितरित किए।

सेल ने दिव्यांगजनों को उपकरण देने का यह काम लगातार तीसरे साल किया है। इस साल इस कार्यक्रम के साथ चरणबद्ध वितरण अभियान की शुरुआत की गई है, जिसे आगे सेल के संयंत्रों और इकाइयों में भी आयोजित किया जाएगा। सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस कार्यक्रम की शुरुआत की और सामाजिक समावेशिता तथा दिव्यांग लोगों के मदद के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दोहराया. इस अवसर पर सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने कहा, सेल में हम दिव्यांगजनों की अदम्य भावना को सलाम करते हैं। वे अद्वितीय शक्ति और दृढ़ संकल्प के प्रतीक हैं। हमेशा से सेल दिव्यांगजनों की मदद करती आई है और आगे भी करती रहेगी। सेल मौजूदा समय में, अपने संयंत्रों में दिव्यांगजनों के लिए विशेष सुविधाएं मुहैया करा रहा है, जिसमें राउरकेला में नेत्रहीन, बधिर और मानसिक रूप से विकलांग बच्चों के लिए स्कूल और 'होम एंड होप', बोकारो में 'आशालता केंद्र', दुर्गापुर में 'विकलांग उन्मुख शिक्षा कार्यक्रम' 'दुर्गापुर हैंडीकैप्ड हैप्पी होम' और बर्नपुर में 'चेशायर होम' शामिल हैं

## बीडीओ ने ढेंढें कृषि साख सहयोग समिति का औचक निरीक्षण किया



**गोमिया।** प्रखंड के तुलबुल पंचायत अंतर्गत ढेंढें कृषि साख सहयोग समिति का मंगलवार को बीडीओ महादेव कुमार महतो ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान समिति के स्टॉक रजिस्टर एवं वितरण रजिस्टर का निरीक्षण किया और कई निर्देश दिया। बीडीओ ने बताया कि समिति के कार्यालय में स्टॉक रजिस्टर एवं वितरण रजिस्टर का अवलोकन किया गया और गेहूं के बीच का मिलान किया गया। बताया कि किसानों को पैक्स के माध्यम से अनुदानित मूल्य पर गेहूं का बीज का वितरण किया जाना है। बताया कि समिति को 28 अक्टूबर 24 को 2500 क्विंटल गेहूं का बीज प्राप्त हुआ था, जिसमें गोमिया व्यापार मंडल गोमिया,बड़की चिदरी पैक्स एवं चांपी पैक्स को गेहूं का बीज वितरण किया गया है। जिसमें समिति द्वारा अभी तक 1465 क्विंटल गेहूं का बीज बांटा गया है. वहीं समिति में 440 किसान पंजीकृत हैं। इस दौरान समिति के स्टॉक रजिस्टर एवं वितरण रजिस्टर के निरीक्षण के पश्चात आवश्यक निर्देश दिए गए। मौके पर ढेंढें कृषि साख सहयोग समिति के अध्यक्ष मेहीलाल गोप उपस्थित थे।

## पिट्स मॉडर्न स्कूल के छात्रों ने प्रदूषण रोकथाम दिवस मनाया

**संवाददाता।**



**गोमिया।** पिट्स मॉडर्न स्कूल गोमिया में मंगलवार को को राष्ट्रीय प्रदूषण रोकथाम दिवस मनाया। इस दौरान स्कूल में आकर्षक और रचनात्मक गतिविधियों की एक श्रृंखला आयोजित की गई, जिसमें कक्षा क से श्क्क्क तक के छात्रों के बीच पर्यावरण जागरूकता और जिम्मेदारी के महत्व को जाना।

स्कूल के इको क्लब के सदस्यों द्वारा बनाई गई गतिविधियों का उद्देश्य युवा मन में प्रदूषण रोकथाम के महत्व को स्थापित करना था। सभी गतिविधियों का एकीकृत विषय ३प्रदूषण३ था, जो छात्रों को इसके विभिन्न पहलुओं और समाधानों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित करता है।

कक्षा कसे श्कके छात्रों के लिए एक ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें रंगों और असीम कल्पना से लैस, छात्रों ने एक स्वच्छ और हरित ग्रह के अपने दृष्टिकोण को स्पष्ट रूप से चित्रित किया।

कक्षा VII के छात्रों ने एक कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया. जिसमें ३प्रदूषण३ की थीम पर आकर्षक दृश्य कथाएँ बनाने के लिए छवियों और विचारों को कुशलता से जोड़ा गया। कक्षा श्क्क्क की विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अपनी रचनात्मकता प्रदर्शन किया। जिसमें प्रभावशाली पोस्टर डिजाइन किए गए।

विद्यालय के प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने कहा कि आज हम जो करते हैं, वह उस दुनिया को आकार देता है, जिसमें हम कल रहेंगे। इस कार्यक्रम ने पर्यावरण संबंधी मुद्दों के बारे में विद्यार्थियों की समझ को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया और उन्हें पृथ्वी के सक्रिय संरक्षक बनने के लिए प्रेरित किया।

## दहीबाड़ी कोल वाशरी में जांच शिविर

**निरसा।** बीसीसीएल सीवी एरिया बारह के दहीबाड़ी कोल वाशरी में दो दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर मंगलवार को संपन्न हो गया। एनबीटीएस के मेडिकल टीम के द्वारा 161 अधिकारियों



व कर्मचारियों के पूरे शरीर का जांच किया गया। अधिकारियों ने बताया कि वाशरी में समय समय पर ईसीजी, एक्स रे, बल्ड आदि की नियमित जांच की जाती है। मौके पर जीएम श्रीभगवान प्रसाद, एचआर संजय कुमार सिन्हा, मृत्यंजय भट्टाचार्य, अयोन दिर्घांगी, सुतापा मंडल, मनोज दास, अशोक मंडल आदि थे।

# भारत सरकार द्वारा प्रतिबंधित मांगुर मछलियों से लदा वाहन पकड़ा

**संवाददाता।**





**डुमरी।** निमियाघाट थाना पुलिस द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 पर खैराटुंडा ग्राम निकट जीवित मछलियों से लदा एक भारी मालवाहक वाहन ट्रक संख्या डब्ल्यू बी 19 के 7783 को पकड़ा गया।जबकि चालक सहित तीन लोग हिरासत में लिए गए।

स्थानीय ग्रामीणों ने इस संबंध में बताया कि संदेह के आधार पर निमियाघाट थाना क्षेत्र के खैराटुंडा ओवर ब्रिज पुल के पास एनएच 19 पर इस मछली गाड़ी को पकड़ा गया है,जो कोलकाता से बिहार ले जाया जा रहा था। इसके बाद थाना प्रभारी को इसकी सूचना दी गई। कहा कि ट्रक में भारत सरकार द्वारा प्रतिबंधित मांगुर मछली लोड है। ग्रामीणों का आरोप है कि निमियाघाट के राजकुमार मंडल नामक व्यक्ति द्वारा फर्जी बिल्टी जारी कर प्रतिबंधित मांगुर मछलियों का परिवहन इस क्षेत्र से होकर कराया जाता है, उनकी मांग है कि अवैध कारोबार पर रोक लगे।

वहीं जानकारी देते हुए निमियाघाट थाना प्रभारी सुमन कुमार ने बताया कि मछलियां एक ट्रक में ले जाई जा रही थी जिसे जांच हेतु रोका गया है साथ ही तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। कहा कि मत्स्य विभाग को सूचना दे दी गई है। जिसके बाद एफएसएल की प्रक्रिया के बाद विधिवत कार्यवाही की जाएगी।मामले में गोविंदपुर निवासी चालक अलक मांझी,कोलकाता के तरुण बोरई व महेश हाड़ा को पुलिस ने हिरासत में लिया।

## न्यूज़ अपडेट

### इसके अलावा, एक गंभीर मुद्दा है जो आपका ध्यान चाहता है:



**किशनगंज।** निर्माण के लिए एनजीटी निषेधाज्ञा मंजूरी: किशनगंज में एएमयू परिसर का विकास एनजीटी निषेधाज्ञा के कारण रुका हुआ है। इस बात के सबूत होने के बावजूद कि निर्माण स्थल नदी तल या सक्रिय बाढ़ के मैदान में नहीं आता है, एनजीटी का निषेधाज्ञा कायम है। मैं आपसे 19.09.2022 को जल शक्ति मंत्रालय को प्रस्तुत टिप्पणियों और बिहार के भवन निर्माण विभाग द्वारा उपनियम, 2022 पर विचार करते हुए एनजीटी द्वारा निषेधाज्ञा हटाने के लिए तत्काल कार्रवाई का अनुरोध करता हूं। मुझे विश्वास है कि आपका हस्तक्षेप मौजूदा चुनौतियों को दूर करेगा और महत्वपूर्ण परियोजनाओं की समय पर प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेगा।

### बंगाल से आलू की सप्लाई रोके जाने के बाद एक्शन में हेमंत सोरेन,मुख्य सचिव को दिये निर्देश



**श्रमबिंदु /धनबाद /रांची ।** पश्चिम बंगाल की ओर से आलू के वाहनों को सीमा पर रोके जाने के मामले का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संज्ञान लिया है. झारखंड के मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को इस संबंध में तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए हैं,

» मुख्यमंत्री के निर्देश पर झारखंड की सीएस ने बंगाल से की बात

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुख्य सचिव अलका तिवारी से कहा है कि इस मामले का हल तत्काल निकालें, सीएम का निर्देश मिलते ही सीएस ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत से बात की और इस मामले का हल निकालने के लिए कहा ,

» आलू की सप्लाई से जुड़े मामले के हल के लिए बंगाल में बनेगी कमेटी ,

पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव ने झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी को भरोसा दिलाया है कि जल्द ही एक कमेटी का गठन करके आलू की सप्लाई रोके जाने के मामले का निष्पादन किया जाएगा. पश्चिम बंगाल ने आलू के ट्रकों को झारखंड जाने से रोक दिया, जिसकी वजह से आलू की कीमतें बढ़ गईं हैं,

» ग्राहक ऊंची कीमत से परेशान, आलू सड़ने से व्यवसायी परेशान

दूसरी ओर, आलू को सीमा पर रोके जाने की वजह से ट्रक में आलू सड़ने लगे हैं. एक ओर झारखंड के आम लोग आलू की ऊंची कीमतों से परेशान हैं, तो दूसरी ओर आलू व्यापारी भी नुकसान झेलने को विवश हैं. बंगाल सरकार ने कीमतों को नियंत्रित रखने के लिए अन्य राज्यों को आलू की सप्लाई बंद कर दी है ।

### तिसरा पुलिस ने लोहा जप्त किया, चोर फरार

**श्रमबिंदु /धनबाद। तिसरा,** गुप्त रूप से सूचना मिलते ही तुरंत कार्रवाई करते हुए तिसरा पुलिस चांद कुइयां स्थित जंगल झाडी में छिपा कर रखी गई लोह सामाग्री को सोमवार की रात्री में छापामारी कर बरामद की गयी। इस दौरान डेढ़ टन लोह सामाग्री जप्त किया गया। छापामारी होते ही लोहा चोर अंधेरे में भागने में सफल रहें। छह लोगों के खिलाफ, कांड संख्या 106/24 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस इन लोगों की सर गर्मी से तलाश कर रही है। इस संबंध में तिसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार ने कहा कि सूचना मिली थी कि चांद कुइयां जंगल के समीप झाड़ी में बीसीसीएल का लोहा चोरी कर जमा किया जा रहा है। छापामारी करने पर लोहा चोर भाग खड़े हुए। लेकिन डेढ़ टन लोहा जप्त किया गया है। इस घटना में शामिल गंसू भुइयां, बितना भुइयां ,सूरज निषाद, मिथुन रवानी, ऋषि रवानी, मनोरंजन रवानी के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।



जप्त सामग्री में डोजर के पार्ट और हाल-पैक के पुराने पार्ट व लौह सामग्री शामिल है। उक्त सामग्री को बलियापुर क्षेत्र के एक गोदाम में ले जाने की योजना थी। इसके पूर्व भी बलियापुर थाना क्षेत्र के गोल्डन पहाड़ी के नीचे चल रहे लोहा गोदाम में सीआईएसफ द्वारा छापामारी की गई थी। जहां से भारी मात्रा में बीसीसीएल का लोहा जप्त किया गया था।

### गायघाट प्रखंड मुख्यालय में आधार कार्ड सेंटर बंद रहने से लोगों की बढ़ी परेशानी

**गायघाट।** गायघाट प्रखंड कार्यालय में कार्यरत आधार कार्ड सेंटर बीते एक सप्ताह से अधिक दिनों से बंद है। इस वजह से प्रखंड के विभिन्न गांवों से आधार कार्ड बनवाने आए ग्रामीणों को मजबूरन वापस लौटना पड़ रहा है। आधार कार्ड सेंटर बंद रहने के कारण लोगों को अपने आधार कार्ड में त्रुटि के सुधार कराने एवं नए कार्ड बनाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आधार कार्ड सेंटर के ऑपरेटर विक्की कुमार से जब मोबाइल पर संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि दिसंबर माह तक फिलहाल बंद रहेगा। जनवरी से आधार सेंटर चालू हो जायेगा। बीडीओ संजय कुमार राय ने बताया कि आधार बनाने वाली एजेंसी का आधार निबंध रद्द हो गया है। इसलिए बंद हो गया है। निबंधन मिलने पर चालू किया जाएगा।

# झरिया के हर इलाके में नल जल योजना के तहत लोगो तक पानी पहुंचना पहली प्राथमिकता: झरिया विधायक रागिनी सिंह

**श्रमबिंदु /धनबाद। झरिया।**

विधानसभा चुनाव जीतने के बाद से ही झरिया की नवनिर्वाचित विधायक रागिनी सिंह से मिलने वालों का तांता लग रहा है, मंगलवार को सिंह मैंशन स्थित आवासीय कार्यालय में श्रीमती रागिनी सिंह से कई लोगों ने मिलने के बाद उन्हें जीत की बधाई दी, तो कई प्रतिनिधिमंडल के लोगों ने झरिया की समस्याओं से अवगत कराया, इस दौरान विधायक से मिलने वाले आए लोगों ने कहा कि झरिया की सबसे बड़ी समस्या पानी है. ठंड में भी पानी के लिए लोग परेशान है. विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि झरिया की जनता जिस उम्मीद से मुझे जिताया है मैं उस उम्मीद पर खरा उतरूंगी. विधानसभा क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के घरों तक नल के माध्यम से जल पहुंचाने के लिए केंद्र और झारखंड की डबल इंजन की भाजपा सरकार के द्वारा पूर्व विधायक संजीव सिंह की अनुशंसा पर हर घर नल जल योजना की शुरुआत की गई थी. इस योजना के तहत



ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को पानी के लिए दिक्कतों का सामना न करना पड़े. भाजपा के कार्यकाल में हर घर नल जल योजना' की पाइप लाइन बिछाने का कार्य प्रारंभ किया गया था तो लोगो में उम्मीद जगी थी कि जल्द ही उनके घरों में पाइप लाइन की टोंटी से पानी आयेगा. लोग फूले नहीं समा रहे थे. उनकी खुशियों का कोई ठिकाना नहीं था. लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार में यह योजना धरातल उतारने में विफल रही. सिर्फ राजस्व को लूटने में रही. पिछले सरकार में इस योजना ने पूरे शहर की सड़कों, गलियों का सत्यानाश कर दिया है. कब कौन सी सड़क और गली खोद दी जाए, लोगों को पता नहीं. इस योजना की कार्य की गति को देख यह कह पाना कठिन हो गया लोगो कि झामुमो और कांग्रेस की सरकार में लोगों को पानी मिल सकेगा. फिर से हेमंत सोरेन की सरकार बनी है झरिया की समस्याओं को विधानसभा में उठाऊंगी. जल्द से जल्द से हर घर नल जल योजना' का कार्य शुरू किया जाए ताकि घरों में पानी पहुंच सके लोगों को पानी की समस्या से निजात मिल सके।

# अब धनबाद पुलिस लाइन का होगा कायाकल्प, 50 बेड का महिला बैरक बनेगा

**श्रमबिंदु /धनबाद ।**

स्मार्ट थाना, पुलिस बैरक, परेड ग्राउंड व आवासीय बिल्डिंग समेत दो दर्जन से ज्यादा योजनाओं के निर्माण कार्य को लेकर गृह विभाग ने प्रशासनिक स्वीकृति दी है. इस संबंध में विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है,

विभिन्न जिलों के प्रस्ताव को मंजूरी के लिए झारखंड पुलिस हाउसिंग निगम ने गृह विभाग को भेजा था. निर्माण कार्य झारखंड पुलिस हाउसिंग निगम द्वारा कराया जायेगा. इसमें धनबाद पुलिस लाइन में भी तीन योजनाओं की स्वीकृति मिली है. निर्माण कार्य होने के बाद धनबाद के पुलिस लाइन में रहने वाले जवानों को काफी राहत मिलेगी,




- **5,39,55,500 रुपये की मिली स्वीकृति :**

धनबाद पुलिस लाइन में तीन योजनाओं की स्वीकृति मिली है, इनमें पुलिस लाइन में 2,40,62,500 रुपये की लागत से इलेक्ट्रिकल कंट्रोल रूम व कैंपस लाइटिंग का निर्माण, पुलिस लाइन में 1,50,09,800 रुपये की लागत से 50 बेड के महिला बैरक का निर्माण व मैगजीन बिल्डिंग (09 कोत) के निर्माण के लिए 1,48,83,200 रुपये की स्वीकृति दी गयी है,

- **महिला बैरक का बदलेगा स्वरूप :**

पुलिस लाइन में महिला बैरक का हाल बेहाल है. अब यहां 50 बेड का बैरक बनने से उन्हें राहत मिलेगी. नये भवन में 50 नये बेड, बिस्तर, पंखा और लाइट की व्यवस्था के साथ ही महिलाओं की जरूरत के अन्य सामान लगाये जायेंगे. इसके अलावा लाइटिंग की भी अच्छी व्यवस्था होगी।

### हर संभव सहायता पीड़ित परिवार को दिलाऊंगी : विधायक रागिनी सिंह



**श्रमबिंदु /धनबाद ।** पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता दिलाने के लिए सभी बिंदुओं पर प्रयास जारी है जल्द ही नियोजन साहित बीमा द्वारा पारित मुआवजा राशि भी परिजनों को उपलब्ध करा दिए जाएंगे। दूरभाष पर बात कर प्रशासन और परिजनों से बात कर सहयोगियों के माध्यम से शव को रात में मर्चरी में रखवा दिया गया था वही स्थानीय प्रशासन के समक्ष परिजनों की उपस्थिति में पोस्मार्टम किया गया।

ऐसी घटनाओं की पुनरावृति न हो इसके लिए उठाएंगे विशेष कदम झरिया में ट्रैफिक व्यवस्था बहाल कराना करेंगे सुनिश्चित पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करती हु।

### आर. एस. पी. कॉलेज अंतर महाविद्यलय तीरंदाजी प्रतियोगिता में उपविजेता बना

**श्रमबिंदु /धनबाद ।** बलियापुर -चास कॉलेज,चास बोकारो में आयोजित हुए बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय,धनबाद के अंतर-महाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगीता में आर.एस.पी.कॉलेज झरिया तीन स्वर्ण, तीन सिल्वर एवं तीन कास्य पदक हाशिल कर उपविजेता बना. इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र प्रकाश कुमार साव, अलिसा प्रवीण, राधिका उरांव, बीकेश कुमार गोराई, उदय कुमार ठाकुर एवं ऋतिक कुमार तिवारी शामिल थे. प्राचार्य डॉ निलेश कुमार सिंह एवं शिक्षकों ने विजेता खिलाडियों को महाविद्यालय में भव्य स्वागत किया एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी।



# अब विकलांगता कोई अभिशाप नहीं: अमित अग्रवाल

**श्रमबिंदु /धनबाद ।**

मारवाड़ी युवा मंच झरिया शाखा द्वारा आज अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस के उपलक्षय में झरिया बी आर सी भवन मै दिव्यांग बच्चों के बीच में स्कूल बैग,वस्त्र,केक,टॉफी आदि का वितरण किया गया।

जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वन्दना से हुई जिसके बाद अतिथियों ने अपना आसान ग्रहण किया।

इस कार्यक्रम के दौरान मारवाड़ी युवा मंच झरिया के अध्यक्ष अमित अग्रवाल जी ने कहां की हर साल 3 दिसंबर को पूरे विश्व में धूमधाम से अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस मनाया जाता है। विश्व विकलांग दिवस (World Disabilities Day 2022) के लिए पहली बार वार्षिक ऑब्जरवेशन की घोषणा यूनाइटेड नेशंस ने जनरल असेम्बली रेजोल्यूशन में 1992 में किया था। जिसके बाद से यह दिन विकलांग दिवस, विकलांग व्यक्तियों के प्रति करुणा, आत्म-सम्मान और उनके जीवन को बेहतर बनाने के समर्थन के उद्देश्य के तौर पर मनाया जाता है। यह उत्सव समाज में समानता के लिए है और खासकर उस वर्ग के लिए है जो इच्छाशक्ति एवं मानसिक बल में सामान्य लोगों की तुलना में कई गुना ज्यादा सक्षम हैं। संसार में दिव्यांग आज हर तरह के कार्य कर रहे हैं और ये लोग अब कई मामलों में आगे जा चुके हैं। इस उत्सव के अवसर पर हमें दिव्यांगों को प्रोत्साहित करना चाहिए।



मौके पर मुख्य रूप से मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष अमित अग्रवाल,मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल,पूर्व अध्यक्ष असीम अग्रवाल,गणेश अग्रवाल,सचिव राजेश अग्रवाल,सुमित खेतान,राहुल अग्रवाल,समाजसेवी बिक्रमा यादव,निर्मल अग्रवाल,मनोज सिंह आदि लोग मौजूद थे।

### फ्लाई एस की जगह संवेदक द्वारा बंगला भट्टा का ईंट लागाया जारहा है



**श्रमबिंदु /धनबाद ।कतरास,** प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना अमृत भारत रेल योजना के अंतर्गत कतरासगढ़ रेलवे स्टेशन में 27 करोड़ रुपए की लागत से नवीनीकरण कार्य में संवेदक के द्वारा फ्लाइ एस की जगह बांग्ला भट्टा ईटा से किया जा रहा है निर्माण। बनने के साथ ही कई जगह टूट गई हैं नालियां। रेल विभाग और रेल मंत्रालय मौन दी लूटने की खुली छूट।

# आमजनों की समस्या से रूबरू हुए उपायुक्त, पदाधिकारियों को दिये निर्देश

### जनता की समस्याओं का समाधान हो सबकी प्राथमिकता: उपायुक्त

**संवाददाता।**

**पाकुड़।** आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त मनीष कुमार के द्वारा समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। इसके अलावे जनता दरबार के दौरान सेविका चयन से संबंधित मामले, चौकीदार



नियुक्ति से संबंधित मामले, जमीन से संबंधित मामले, सहायिका एवं सेविका, पंचायत विभाग से संबंधित मामले एवं विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करे, ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो।

### सेंट्रल हॉस्पिटल में मरीज की मौत के बाद परिजनों ने किया हंगामा

**श्रमबिंदु /धनबाद ।** बीसीसीएल के सेंट्रल हॉस्पिटल में मंगलवार की सुबह मरीज की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया, पुटकी निवासी बीसीसीएल कर्मी रवीन्द्र हेंब्रम की पत्नी लक्ष्मी देवी को 26 नवंबर को इलाज के लिए सेंट्रल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था।

डॉक्टरों ने मंगलवार की सुबह जांच के बाद मरीज की मौत होने की सूचना दी, इसके बाद परिजन उग्र हो गए हंगामा करने लगे. उन्होंने डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया. परिजनों के अनुसार, मरीज को निमोनिया की शिकायत थी. इसके बाद इलाज के लिए उसे केंद्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था. हंगामा होता देख अस्पताल प्रबंधन ने मामले की सूचना सरायढेला थाना पुलिस व सीआईएसएफ को दी. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझाने में जुट गई।

# धनबाद के रेल यात्रियों को मिल सकती है एक और गरीब रथ ट्रेन, रूट और टाइमिंग पढ़ें

**श्रमबिंदु /धनबाद ।**

धनबाद से बेंगलुरु के लिए गरीब रथ स्पेशल ट्रेन चलने की उम्मीद बढ़ गई है। धनबाद-जम्मूतवी गरीब रथ स्पेशल ट्रेन के फेरे बढ़ाने के बाद यात्रियों के मिले शानदार रिस्पांस से उत्साहित धनबाद रेल मंडल ने बेंगलुरु के लिए साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने की अनुमति मांगी,

सोमवार को डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। अगर यह ट्रेन मिलती है तो फिर धनबाद से बेंगलुरु तक की यात्रा आसान हो जाएगी। ट्रेनों में भीड़ भी बहुत हद तक कम हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि बेंगलुरु के लिए धनबाद से सीधी ट्रेन चलाने का प्रयास किया जा रहा है। धनबाद मंडल ने मजबूत पक्ष के साथ ट्रेन चलाने की अनुमति मांगी है। पूरी उम्मीद है कि नए साल में बेंगलुरु के लिए ट्रेन चलेगी। एडीआरएम आपरेशन विनीत कुमार, सीनियर डीसीएम अमरेश कुमार, सीनियर डीओएम अंजय तिवारी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

- **धनबाद कोचिंग डिपो में खुलेगा मैकेनाइज्ड लांड्री धनबाद ,**




* एसी कोच में यात्रियों को मिलने वाले कंबल, चादर व तौलिया के गंदे होने की शिकायत अब शीघ्र दूर होनेवाली है। इसके लिए धनबाद कोचिंग डिपो में मैकेनाइज्ड लांड्री स्थापित होगी।

* इससे धनबाद से खुलने वाली ट्रेनों में साफ व स्वच्छ बेड रोल उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए ट्रायल भी शुरू हो गया है।

* अगले आठ-10 दिनों में मैकेनाइज्ड लांड्री शुरू करने की तैयारी है, इसकी क्षमता चार टन की होगी।

- **गंगा-दामोदर एक्सप्रेस बनेगी मैकेनाइज्ड लांड्री में धुले बेड रोल सुविधा वाली पहली ट्रेन,**

धनबाद-पटना गंगा दामोदर एक्सप्रेस के दुमका तक विस्तार होने से गंदे बेड रोल मिलने की शिकायत सबसे अधिक इसी ट्रेन में मिलती है। रेलवे शिकायतों के निबटारे के लिए अभियान चला रही है। डीआरएम ने कहा कि गंगा-दामोदर एक्सप्रेस पहली ट्रेन होगी जिसमें धनबाद के मैकेनाइज्ड लांड्री में धुली बेड रोल सेवा शुरू की जाएगी।

- **मानसून के बाद भी बिलासपुर को पछाड़ धनबाद नंबर वन,**

* मानसून में उत्पादन प्रभावित होने से लोडिंग भी प्रभावित हुई। इसके बाद भी धनबाद रेल मंडल बिलासपुर को पछाड़ कर नंबर वन के पायदान पर पहुंच गया।

* अप्रैल से नवंबर के दौरान धनबाद रेल मंडल ने 125.95 मिलियन टन लोडिंग का रिकार्ड बनाया जिससे 16790.83 करोड़ की आमदनी हुई। ड्इस अवधि में प्रतिद्वंद्वी बिलासपुर मंडल 122.06 मिलियन टन, खुर्दा रोड 104.83 मिलियन टन व चक्रधरपुर 101.82 मिलियन टन रहा।

स्वामी, शिव श्रीवास्तव के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक संतोष पाठक द्वारा फ्लैट नं. 4 ई नलिनी पैलेस, एलबर्ट कम्पाउंड पुरुलिया रोड, रांची 8340 01 से प्रकाशित तथा फारूकी तंजीम प्रेस चटर्जी कम्पाउन्ड बहुबाजार से मुद्रित।
संपादक संतोष पाठक *पीआरबी एक्ट के अनुसार समाचार चयन हेतु जिम्मेदार मो. 7979985594 ईमेल - shrambindujharkhand@gmail.com